
हरिभूमि

रायपुर भूमि



# सरस्वती नगर फाटक बंद करने रेलवे ने बनाई 610 मीटर कंक्रीट सड़क, अब जाम से मिलेगी मुक्ति, ट्रेनों की रफ्तार भी नहीं होगी धीमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरस्वती नगर स्थित रेलवे फाटक को रेलवे प्रशासन स्थायी रूप से बंद करने की तैयारी में है। इसकी प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इस महीने के अंत तक फाटक को हमेशा के लिए बंद किया जा सकता है। इसके बाद यात्रियों को एम्स रोड पकड़ने के लिए अंडरब्रिज के रास्ते से होकर गुजरना पड़ेगा, जिससे उन्हें लगभग 1 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी होगी। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए ▶▶शेष पेज 13 पर



### रोज़ 100 बार बंद होता है फाटक

मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित सरस्वती नगर रेलवे फाटक, जो दिनभर में औसतन 100 बार बंद होता है, अब स्थायी रूप से बंद होने की कगार पर है। रेलवे ने यातायात को वैकल्पिक मार्ग की ओर मोड़ने की योजना पूरी कर ली है, जिसके तहत अब लोग आमानाका गेट की ओर से आवाजाही करेंगे। फिलहाल इस फाटक के पास 6 मीटर चौड़ी सड़क है। रेलवे ने वैकल्पिक मार्ग के रूप में भी 6 मीटर चौड़ी कांक्रीट सड़क तैयार की है। लेकिन नई सड़क के उपयोग में फिलहाल एक ▶▶शेष पेज 13 पर

### पूरी तैयारी के बाद बंद करेंगे

सरस्वती नगर फाटक बंद करने के लिए नई सड़क बन चुकी है। अब सुरक्षा व्यवस्था का कार्य पूरा करने के बाद अन्य आवश्यक प्रकिया को पूरा किया जाएगा। इसके बाद फाटक बंद होगा।

**- अवधेश कुमार त्रिवेदी**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल

### स्कूली बच्चे और ऑफिस जाने वाले सबसे ज्यादा परेशान

सरस्वती नगर रेलवे फाटक पर रोजाना लगने वाला जाम अब बड़ी समस्या बन चुका है। खासकर सुबह 10 से 12 बजे और शाम 5 से 9 बजे तक फाटक के दोनों ओर करीब 1 किलोमीटर लंबा जाम आम बात हो गई है। इस दौरान स्कूली बसें भी घंटों फंसी रहती हैं, जिससे बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचने में परेशानी होती है। वहीं, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को भी देरी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक इस मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। फाटक दिनभर में 100 से ज्यादा बार बंद होता है, जिससे लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित होती है। यही वजह है कि रेलवे ने इस फाटक को स्थायी रूप से बंद करने का फैसला लिया है।

## खबर संक्षेप

### यातायात नियमों की जानकारी देने निकला पीके

**रायपुर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर एक माह के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दूसरे दिन एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा चौक-चौराहों पर यातायात नियमों का पालन कराने अपील के लिए पीके प्रतिरूप में नई पहल की गई। मोर पिरोहिल नाट्य संस्था के कलाकार को पीके फिल्म के नायक के स्वरूप में वेशभूषा व हेलमेट लगाकर शहर के चौक-चौराहों पर यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक करने के लिए शास्त्री चौक से शुरुआत की। इनके द्वारा पीके स्टाइल में रोचक तरीके से हेलमेट व सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले वाहन चालकों को हेलमेट लगाने नियमों का पालन करने की अपील की गई। चौक-चौराहों पर प्रतिदिन लोगों को यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने का संदेश दिया जाएगा।

### कॉलोनी में मेंटेनेंस की राशि पर विवाद, दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर।** मुजगहन थाने में डूंडा, कमल विहार कृष्णा हाईट्स कालोनी के दो गुटों ने कॉलोनी मेंटेनेंस राशि के विवाद में एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रजनीश द्विवेदी ने राहुल जैन, सोनिया, अशोक जैन तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष की ओर से राहुल जैन ने रजनीश, संतोष वाधवानी, अनिल सरैया तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दो पक्षों में विवाद का कारण कॉलोनी के वाट्स एप ग्रुप में मैसेज भेजे जाने के बाद हुआ।

### भतीजे को बचाने गए चाचा से की मारपीट

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लाखेनगर निवासी महेश यदु ने राज सारथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार रात के समय घर जा रहा था। रास्ते में महेश ने देखा कि राज उसके भतीजे के साथ मारपीट रहा है। इस पर महेश ने गाड़ी रोककर राज से मारपीट करने का कारण पूछा तो राज ने महेश के साथ भी मारपीट की।

### रुमेटोलॉजी विशेषज्ञ की नियुक्ति, पहले दिन की ओपीडी में तीन मरीज

# गठिया का अब सरकारी हॉस्पिटल में इलाज डीके हास्पिटल में खुला राज्य का पहला सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**अलग खबर**

नए साल की शुरुआत के साथ राजधानी के डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में वात संबंधी रोग (गठिया) के इलाज की सुविधा प्रारंभ की गई है। इसके लिए रुमेटोलॉजी विशेषज्ञ महिला चिकित्सक की नियुक्ति की गई है। शुक्रवार को पहली ओपीडी में तीन मरीज पहुंचे, जिनकी संख्या आने वाले दिनों में बढ़ने की संभावना है। राज्य में रुमेटो संबंधी बीमारियों के इलाज की सुविधा देने वाला डीकेएस ▶▶शेष पेज 13 पर

### स्वास्थ्य सचिव ने दिखाई थी दिलचस्पी

पिछले दिनों स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया निरीक्षण के लिए डीके अस्पताल पहुंचे थे। निरीक्षण और चर्चा के दौरान अस्पताल प्रबंधन द्वारा उन्हें अस्पताल में दो विभाग शुरू करने संबंधी योजना के बारे ▶▶शेष पेज 13 पर



### मरीजों को मिलेगा लाभ

रुमेटोलॉजिस्ट की नियुक्ति की गई है। इससे गठिया रोग से पीड़ित मरीजों को जांच और आवश्यक उपचार की सुविधा प्रतिदिन ओपीडी में मिलेगी।

**- डॉ. हेमंत शर्मा**, उप अधीक्षक, डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल

### पांच भाषा की जानकार महिला चिकित्सक



रायपुर के अलावा ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों के इलाज के लिए रुमेटोलॉजिस्ट डा. अश्लेषा शुक्ला की नियुक्ति की गई है। डीएम इम्यूनोलॉजी एंड रुमेटोलॉजी डा. शुक्ला हिंदी, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी के साथ उड़िया और मराठी भाषा की जानकार हैं। छत्तीसगढ़ की मूल निवासी और प्रथम महिला रुमेटोलॉजिस्ट के रूप में उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

### रुमेटोलॉजिकल बीमारी के लक्षण

- सुबह जकड़न (सुई जैसी सनसनी), दोनों कलाई, घुटने में दर्द, सूजन और गर्माहट और जोड़ों के पास गांठ
- अचानक पैर के अंगूठे में तेज दर्द, घुटना, टखना, जोड़ में स्पर्श मात्र से पीड़ा
- त्वचा का रंग बदलना, कठोरता, सांस लेने में दिक्कत, पित्त की समस्या, कैल्सिनोसिस
- उम्र के साथ जोड़ों में बढ़ता दर्द, चलने के दौरान कठिनाई और जकड़न जैसी समस्या
- चेहरे पर चकत्ते, छाला, बाल झड़ना, त्वचा और आंखों में रुखापन, थकान जैसी शिकायत
- रात और सुबह पीठ-कमर में जकड़न, रीढ़ की कठोरता, एड़ी-टखने में दर्द, आंखों में सूजन
- गर्दन, कंधे, कमर, जांघों में मरोड़, नींद से छुटकारा नहीं, सुबह थकान और ध्यान में कमी

# नवंबर से पड़ रही ठंड ला सकती है बदलाव, विक्षोभ हटने के बाद सीजन का पीक पहले सप्ताह से ही संभव

- 4-5 सालों से दूसरे और तीसरे सप्ताह में लुढ़कता है न्यूनतम पारा, इस बार जल्दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नवंबर के दूसरे पखवाड़े से शुरू हुई ठंड इस बार सीजन के पीक वाले सिस्टम में बदलाव कर सकती है। अभी सक्रिय होन वाले पश्चिमी विक्षोभ के हटने के बाद तापमान में गिरावट आने से सीजन की जोरदार ठंड का दौर जनवरी ▶▶शेष पेज 13 पर

### जनवरी का पारा और पीक

**अंबिकापुर :-** 13 जनवरी 1989 को न्यूनतम तापमान 0.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। वर्ष 2016 में 3.2 डिग्री।

**जगदलपुर :-** 8 जनवरी 1946 को 2.8 तक पहुंचा न्यूनतम पारा। वर्ष 2023 में 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**रायपुर :-** 18 जनवरी 1906 को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री रहा। वर्ष 2019 में 9.9 तापमान रिकार्ड किया गया।

### अभी सामान्य जैसी स्थिति


मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले चौबीस घंटे में ठंड के प्रभाव में थोड़ी कमी आई है। ज्यादातर शहरों का तापमान अपनी सामान्य जैसी स्थिति में रहा। अंबिकापुर का न्यूनतम पारा 8.4 तो रायपुर का 14.3 तक पहुंचा। दिन में विक्षोभ के असर से हल्के बादल छाए रहे, इसलिए किसी भी शहर का पारा 30 डिग्री तक नहीं पहुंच पाया। अगले दो से तीन दिन क्रमशः यही स्थिति रहने का अनुमान है।

# बकाएदारों को स्मार्ट करंट, अब एक क्लिक पर बिजली कट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- गुढ़ियारी के कंट्रोल रूम से ही प्रदेश में किसी भी स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता की बिजली बंद करने की सुविधा

प्रदेशभर के छोटे और बड़े बिजली के उपभोक्ताओं पर तीन हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया हो गया है। आमतौर पर बकाएदारों की बिजली कट करने के लिए पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को उपभोक्ताओं के घरों तक जाना पड़ता है। ऐसे में बिजली कनेक्शन काटने पर विवाद हो जाता है, लेकिन अब प्रदेशभर में लग रहे स्मार्ट मीटरों के कारण बकाएदारों को स्मार्ट करंट लग रहा है। यानी जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लग गए हैं, उनके कनेक्शन आसानी से राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी से ही कट हो जा रहे हैं। अब प्रदेश के किसी भी शहर या गांव के किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन कंट्रोल रूम के एक क्लिक पर कट हो जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस समय प्रदेश भर में बिजली के बकाएदारों के खिलाफ अभियान चला रखा है। राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के हर शहर में बकाएदारों के कनेक्शन ▶▶शेष पेज 13 पर



### बिना घर तक गए बिजली कट

*एक वह समय था जब किसी भी बिजली के बकाएदार का कनेक्शन कट करने के लिए उनके घरों तक जाना पड़ता था। ऐसे में जब बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली कट करने पहुंचते थे तो कई बार विवाद हो जाता था, कई बार तो झगड़ा-लड़ाई तक की नौबात आई है, लेकिन अब स्मार्ट मीटर लगने के कारण इन विवादों से बचने का रास्ता मिल गया है। प्रदेश में इस समय करीब 60 फीसदी उपभोक्ताओं के मीटर स्मार्ट हो गए हैं। ऐसे मे अब बकाएदारों की बिजली कंट्रोल रूम से ही कट हो रही है।*

### भुगतान होते ही तत्काल कनेक्शन वापस जोड़ रहे

जिन बकाएदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन कंट्रोल रूम से कट किए जा रहे हैं, उनके भुगतान करने पर तत्काल कनेक्शन वापस भी जोड़ा जा रहा है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि नेट बैंकिंग से या फिर डीसी सेंटर के एटीपी सेंटर में भुगतान करने पर तो तत्काल कनेक्शन जुड़ ही रहे हैं, साथ ही यूपीआई के माध्यम से किसी भी एप से भुगतान करने पर भुगतान होने की जानकारी वाट्सएप पर देने पर भी उपभोक्ताओं के कनेक्शन तत्काल जोड़े जा रहे हैं ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। जल्द ही पॉवर कंपनी यह व्यवस्था भी कर रही है कि यूपीआई से भुगतान होने पर उपभोक्ताओं को जानकारी देने की जरूरत ही न पड़े और उनके कनेक्शन वापस जुड़ जाए।




# अप्रैल से लागू होगा ग्लोबल करिकुलम, दूसरे बोर्ड से जुड़े बोर्ड भी हासिल कर सकेंगे संबद्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- एआई, स्किल एजूकेशन जैसी चीजें रहेंगी ग्लोबल करिकुलम के केंद्र में

सीबीएसई बोर्ड नई शिक्षा नीति के आधार पर नया करिकुलम तैयार कर रहा है। इसे अप्रैल 2026 से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र से उन सभी सीबीएसई स्कूलों में लागू करने की तैयारी है, जो भारत से बाहर दूसरे देशों में स्थित हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश के बाद सीबीएसई ने ग्लोबल करिकुलम तैयार किया है। यह करिकुलम अप्रैल 2026 से लागू होगा। फाउंडेशनल स्टेज (3-8 साल) से लेकर सेकेंडरी (14-18) के लिए ग्लोबल करिकुलम तैयार किया गया है। सीबीएसई के अनुसार, इस ग्लोबल करिकुलम को लेकर अधिकारियों व विशेषज्ञों के बीच चर्चा हुई। इसके बाद करिकुलम को ▶▶शेष पेज 13 पर




### गणित और विज्ञान के कंटेंट समान

25 देशो में सीबीएसई के 257 से ज्यादा स्कूलों के लिए यह ग्लोबल करिकुलम लागू होगा। गौरतलब है कि विदेशों में सीबीएसई स्कूलों में हर साल करीब 4.5 लाख छात्र 10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम देते हैं। इनमें बड़ी संख्या में विदेशों में बसे भारतीयों के बच्चे पढ़ते हैं। सीबीएसई के मुताबिक, गणित और विज्ञान जैसे विषय के कंटेंट में तो ज्यादा अंतर नहीं होता है, लेकिन सामाजिक विज्ञान के विषयों में बच्चों को उन ▶▶शेष पेज 13 पर

### स्किल बेस्ड रहेंगे पाठ्यक्रम

सीबीएसई के दूसरे देशों में जो 257 स्कूल हैं, वे बहरीन, इथोपिया, घाना, इंडोनेशिया, जापान, केन्या, बांग्लादेश, कुवैत, मलेशिया, नेपाल, नाइजीरिया, कतर, ओमान रूस, सऊदी अरब, सिंगापुर, थाईलैंड, यूएई, यमन समेत 25 देशों में है। इनमें 5 लाख से ज्यादा विद्यार्थी पढ़ते हैं। सीबीएसई ने कुछ समय पहले देश के बाहर पहला रीजनल ऑफिस और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोला है। दुबई में यह सेंटर शुरू किया गया है, भारत के बाहर सीबीएसई का पहला रीजनल ऑफिस है। आने वाले समय में कुछ और देशों में भी रीजनल सेंटर शुरू हो सकते हैं। इससे पहले सीबीएसई इंटरनेशनल 2010 में लाया गया था, जिसमें स्किल बेस्ड और ग्लोबल अप्रोच को ध्यान में रखते हुए करिकुलम ▶▶शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### ग्राम धुसेरा सेजबहार में आज कुलदेवता पूजा

**अभनपुर।** ग्राम धुसेरा सेजबहार मे दीवान परिवार के कुलदेवता का पूजन 3 जनवरी शनिवार को संपन्न होगा। प्रतिवर्ष पुस माह के आखिरी शनिवार को यह पूजा आयोजित की जाती है,जिसमे प्रदेशभर से दिवान परिवार के लोग पूजन मे सम्मिलित होते है। ग्राम धुसेरा निवासी राजा दीवान ने उक्त जानकारी देते कहा कि ,यह कुल देवता की पूजा प्राचीन समय से करते आ रहे है,पीढ़ी दर पीढ़ी इस परपंरा का निवर्हन कर रही है बड़े उत्साह के साथ यह पूजा संपन्न होती है तथावर्ष मे एक बार छग के सभी दीवान परिवार के साथ ही अन्य ब्राम्हण परिवार के लोग भी शामिल होते है।

### माता शाकंभरी जयंती पर आज पटेल समाज करेंगा सब्जी दान

**आरंग।** शाकाहार की देवी माता शाकंभरी की जयंती अंचल में हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। खासकर मरार पटेल समाज बाहुल्य वाले गांवों में प्रातः से ही पूजा-अर्चना प्रारंभ हो जाएगी। माता शाकंभरी मरार पटेल समाज की कुलदेवी हैं। शाकाहार की देवी भीमा, भ्रामरी और शताक्षी के नाम से भी जानी जाती हैं। इस दिन मरार समाज के लोग शाक-सब्जी व फल माता शाकंभरी को चढ़ाते हैं। पौष पूर्णिमा दान-पुण्य का दिन है। इसी दिन छेरछेरा पर्व भी मनाया जाता है, जिसमें अन्नदान किया जाता है। वहीं मरार समाज के लोग इस दिन शाकाहार को बढ़ावा देने सब्जियों का दान भी करते हैं। शोभायात्रा निकालकर लोगों को शाकाहार का संदेश भी देते हैं। जिला महामंत्री व मीडिया प्रभारी महेन्द्र कुमार पटेल ने बताया कि अंचल के आरंग नगर सहित हरिनभठ्ठा, तेलासी, कुची, बनरसी, रानीसागर, गुल्लू, बोरिद, पारागांव, गोंइदा, बनचरौदा, गौरभाट, कुम्हारी, टीला, भुरका, अभनपुर व मंदिर हसौद क्षेत्र के गांवों सहित प्रदेश भर में शाकंभरी जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। कई ग्रामों में भोग-भंडारा का आयोजन भी किया जाएगा। वहीं समाज के पदाधिकारियों ने माता शाकंभरी जयंती को हर्षोल्लास से मनाने व सर्व समाज के लोगों को शाकाहार की देवी की पूजा-आराधना में शामिल होने की अपील की है।

### अंततः खौना धान खरीदी केंद्र में लिमिट बढ़ाया गया

**सिलयारी।** सरकार लगातार किसानों को परेशान करने का कार्य कर रहा है जिस प्रकार खौना धान खरीदी केंद्र के किसान लगातार माग करते रहे लेकिन हठधर्मिता के चलते खरीदी लिमिट नहीं बढ़ाए जब किसान लगातार माग के बाद भी नहीं माने तो आक्रोशित किसानों द्वारा धान खरीदी केंद्र में प्रदर्शन कर तालाबंदी किया गया और 24घंटे में लिमिट नहीं बढ़ाने पर बलौदाबाजार मुख्य मार्ग को चक्काजाम करने की चेतावनी बाद उसी दिन खरीदी लिमिट1200किया गया ये हठधर्मिता से किसान लगातार परेशान होते रहे,किसान नेता पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने इस पर कहा कि सरकार जानबूझ कर किसानों को परेशान करने का काम कर रही है।

# पेड़ की छांव में लगी बाल चौपाल में हुआ संवाद और जिज्ञासाओं किया समाधान

## डिजिटल, मोबाइल और इंटरनेट का संतुलित का संतुलित करें उपयोग : डॉ. वर्णिका शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

साल 2026 की शुरुआत छत्तीसगढ़ में बच्चों के अधिकारों, सहभागिता और भविष्य की चिंता को केंद्र में रखते हुए एक प्रेरणादायी पहल बाल चौपाल के साथ हुई। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के मार्गदर्शन में 02 जनवरी को ग्राम पंचायत लखोली में यह बाल चौपाल आयोजित की गईइस बाल चौपाल की सबसे खास बात यह रही कि कार्यक्रम पेड़ की छांव में खुले वातावरण में आयोजित किया गया, जहाँ बच्चों ने प्रकृति के सान्निध्य में बिना किसी औपचारिकता और डर के अपनी बात रखी। पेड़ के नीचे लगी यह बाल चौपाल प्रतीक बनी संवाद, संरक्षण और भविष्य की जड़ों को मजबूत करने की। बाल चौपाल में बच्चों को एक खुले, सुरक्षित, संवेदनशील और बालमैत्रीपूर्ण मंच प्रदान किया गया, जहाँ उन्होंने अपने मन की बातें, जिज्ञासाएँ, सवाल और समस्याएँ खुलकर साझा कीं। आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने बच्चों के बीच बैठकर उनसे सीधा संवाद किया, उनके प्रश्नों को गंभीरता से सुना और अत्यंत सरल, सहज एवं बालअनुकूल भाषा में समाधान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पारिवारिक व्यवहार, पढ़ाई का दबाव, डिजिटल माध्यमों का प्रभाव, मोबाइल और इंटरनेट का संतुलित उपयोग, सपने, करियर, भविष्य की चिंताएँ तथा रोज़मर्रा के जीवन से जुड़े कई अहम मुद्दों पर अपने विचार रखे।



### रचनात्मक कार्यों की सीख दी

बच्चों की सहभागिता बढ़ाने के लिए ज्ञानवर्धक, रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। बाल चौपाल को संबोधित करते हुए बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा पेड़ की छांव में बच्चों से संवाद करना केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक संदेश हैं कि बच्चों का भविष्य भी प्रकृति की तरह सुरक्षित, मजबूत और संवर्धित होना चाहिए। बाल चौपाल बच्चों की आवाज को सुनने और समझने का सशक्त माध्यम है। जब बच्चे अपने प्रश्न, समस्याएँ और सपने खुलकर रखते हैं, तभी उनके अधिकारों का वास्तविक संरक्षण संभव होता है। बच्चों से जुड़े हर प्रश्न का संवेदनशील समाधान ही उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

जयंती : गगन चुंबी जैत खाम पर आज पूजा अर्चना कर चढ़ाएंगे पालो

# जैतखाम की पूजा अर्चना के साथ गुरु दर्शन मेले का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद





राजधानी रायपुर के पास स्थित बारा डेरा तुलसी जहां लगता है रायपुर जिला का सबसे बड़ा गुरु अमर दास दर्शन मेला जो छेरछेरा पुन्नी में 3 दिवसीय लगने वाले गुरू दर्शन मेला का 2 जनवरी को दीप प्रज्वलित कर गुरु आसान परिवर्तन के साथ मेला का शुभारंभ किया जहां चौंक आरती के साथ गुरु अमर दास का भजन गण किया । वही आज बारा डेरा गुरु अमरदास गुरु द्वारे में सुबह से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कोष नापते हुए पहुंचते हैं जहां स्थित गुरु अमर दास और माता पातापुरहीन की गुरु गद्दी स्थापित है, जोकि बाराडेरा गुरू अमर दास की कर्म भूमि वही परिसर में स्थित 5+2 गगन चुंबकीय जैतखाम पर तुलसी और धनसुली से गाजे बाजे के साथ श्वेत ध्वज वाहक संतो के नेतृत्व में झंडा लेकर गुरू द्वारे पहुंच कर गुरु गद्दी और जैतखंभ की पूजा अर्चना कर झंडा चढ़ाया जाएगा। जहां दर्शन के लिए हजारों लोगों पहुंचते हैं और गुरु दर्शन लाभ लेते है। गुरु दर्शन मेला में मुख्य अतिथि विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन सानिध्य एवं मार्गदर्शन गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री अध्यक्षता नारायण प्रसाद कुर्रे मेला समिति अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि अनुज शर्मा धरसीवां विधायक और स्थानीय जन प्रति निधि सम्मिलित होंगे । जहां मेला में पंथी मंगल भजन के साथ ही अमित कोसले शिवा जागड़े द्वारा सांस्कृतिक लोक कला मंच की प्रस्तुति देंगे। जहां मेला के तैयारी और व्यवस्था में लगे हुए हैं। नारायण प्रसाद कुर्रे सावल दास डहरिया राजमहंत ,विजय डहरिया राजमहंत बिरेंद्र कोसले महासचिव, जनक लाल खेलवार सर्वाकार लक्ष्मण घृतलहरे ,टामेश बघेल, , नरेंद्र कुर्रे जनपद प्रतिनिधि आरंग, घससु घृतलहरे , बिसत घृतलहरे, , पुरुषोत्तम कुर्रे जगत खंडेलवाल लोकेश खेलवार लला घृतलहरे विनेश बांधे पारस कोसले हिमांशु खेलवार सत्यप्रकाश बांधे और अन्य समाज के लोग मेला में रंग बिरंगे झूले और विभिन्न प्रकार के दुकान लग कर तैयार है।



### गुरु घासीदास जयंती पर गांव-गांव में कार्यक्रम

आरंग। जिला पंचायत क्षेत्र रायपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुमा, कुकरा, भानसोज, सन्डी और रीवा में महान संत, परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वतन चन्द्राकर विशेष रूप से कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर वतन चन्द्राकर ने गुरु घासीदास बाबा जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा पूजा-अर्चना कर बाबा जी के आदर्शों को नमन किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी का "सतनाम" का संदेश आज भी समाज को सत्य, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जयंती आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वतन चन्द्राकर ने समस्त ग्रामवासियों को बाबा जी की जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा आयोजन के लिए ग्राम के आयोजक मंडल का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन भक्ति भाव और सामाजिक एकता के संकल्प के साथ हुआ।

# अवैध शराब, गांजा और सट्टा पर कार्रवाई नहीं, कांग्रेस का आरोप





हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

अवैध शराब, सट्टा ,जुआ, और सुखा नशा शहर को बर्बाद कर रहा है, कांग्रेस ने शहर को सट्टा और नशा मुक्त बनाने शहर की जनता से मिलकर आवाज उठाने की अपील करते हुए नशा और सट्टा के विरुद्ध युद्ध का ऐलान किया है। तिल्दा नेवरा में खुलेआम चल रहे सट्टे के विरुद्ध कांग्रेस ने युद्ध का ऐलान करते हुए कांग्रेस के रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने .खुलकर सड़क पर उतरने की बात कही। उन्होंने तिल्दा में चल रहे खुलेआम सट्टे को लेकर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है ,उन्होंने कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे खुले आम चल रहे सट्टे से स्पष्ट हो गया है कि ये सब कुछ पुलिस के सहमति से हो रहा है. लाखों रुपयों केप्रतिदिन होने वाले इस सट्टे के खेल में लोग बर्बाद हो रहे हैं. शहर में 1 रूपए लगाओ 80 पाओ के चक्कर में युवा पीढ़ी दोनों हाथो से पैसा बर्बाद कर रहे है .उन्होंने कहा मै एस एस पी से मिलकर तिल्दा में प्रतिदिन पुल के नीचे लगने वाले सट्टा मेले में शामिल होने के लिए निमत्रण दिया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की तिल्दा जैसे शांति प्रिय व्यापारिक इलाके में जिस कदर सट्टा चल रहा है,इसकी कोई कल्पना नही की जा सकती। उन्होंने पुलिस को चेतावनी दी है कि सट्टे के खोटे धंधे को तत्काल बंद कराए और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करे अन्यथा कांग्रेस खुलकर विरोध कर थाने का घेराव करेगी।

### लुई ब्रेल दिवस पर कार्यक्रम कल होगा

**आरंग।** 4 जनवरी को दिव्यांग भवन, खमतराई रोड आरंग में अमर ज्योति दिव्यांग कल्याण संघ आरंग द्वारा अंतरराष्ट्रीय लुई ब्रेल दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संदीप जैन, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग, ध्रुव कुमार मिर्धा, अध्यक्ष चर्म शिल्पकार आयोग छत्तीसगढ़, मीना जांगड़े सरपंच ग्राम पंचायत नारा तथा पार्षदगण होंगे। विशेष अतिथि के रूप में मंजूषा तिवारी, प्रबंधक रायपुर जिला सहकारी संघ, श्यामा तिवारी राज्य स्तरीय सामाजिक कार्यकर्ता, सुविधा सिंह दिव्यांग पुनर्वास सलाहकार, लोकेश साहू दिव्यांग पुनर्वास सलाहकार एवं समाज कल्याण विभाग के स्थानीय अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

# क्रिकेट में तरपोंगी टीम 61 रन से विजयी रही



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू में एम सी सी क्रिकेट क्लब द्वारा ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमे 32 टीमो ने भाग लिया। फायनल मैच तरपोंगी व कुथरेल के बीच खेला गया। कुथरेल की टीम ने टास जीत कर फिल्डिंग करने का फैसला लिया। तरपोंगी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 3 विकेट खो कर 91 रन ही बना पाए।

जिसके जवाब में कुथरेल की टीम ने 6 ओवर 1 गेंद में 10 विकेट खो कर मात्र 30 रन ही बना पाए । इस तरह तरपोंगी की टीम 61 रन से विजयी रहे। तीसरा पंडरभट्टा व चतुर्थ स्थान पर देवरी रहे। इस प्रतियोगिता के मेन आफ दी सीरीज घनश्याम वर्मा पंडरभट्टा व मेन आफ दी मैच चन्दन तरपोंगी रहे। बेस्ट दर्शक महिला बुधयारीन निर्मलकर,बेस्ट दर्शक पुरुष अश्वनी वर्मा को पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी थे। विशिष्ट अतिथि रायपुर जिला पंचायत के सभापति शैल महेंद्र साहू, जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य शत्रुहन यदु, सरपंच नंदू साहू, पूर्व सरपंच डॉ नरेंद्र यादव, राजेन्द्र साहू, बेदराम निर्मलकर, सीमा पटेल, रीका निषाद, खेमलाल वर्मा, गंगा राम साहू, टिकेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में दर्शक व ग्रामीण उपस्थित थे।

# विद्युत उपकेंद्र को आवंटित भूमि के विरोध में चक्काजाम



**आरंग।** उच्च अधिकारियों से चर्चा के आश्वासन के बाद खरोरा-आरंग मार्ग में 04 घंटे का चक्का जाम ख़त्म हो गया है। आरंग खरोरा मार्ग में ग्राम गुल्लू के पास ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र हेतु आबंटित भूमि के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्ग में चक्का जाम कर दिया था। ग्रामीणों ने चारागाह की समस्या खड़ी हो जाने का हवाला देते हुए जमीन आबंटन रद्द करने की मांग कर रहे थे। तहसीलदार ज्योति मसियारे, एडिसनल एसपी विवेक शुक्ला तथा थाना प्रभारी हरीश साहू के लगातार समझाइस के बाद उच्च अधिकारियों के साथ चर्चा के आश्वासन पर ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया। आपको बता दे की शासन द्वारा छग स्टेट पवार ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को 400/220 केव्ही उपकेंद्र निर्माण हेतु लगभग 20.97 हेक्टेयर जमीन आबंटित किया था और इसी के विरोध में ग्रामीण लामबंद होते हुए आज सड़क पर उतर आये थे। चक्का जाम समाप्त होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## बीईओ ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



**आरंग।** शुक्रवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा ने शासकीय प्राइमरी एवं पूर्व माध्यमिक शाला अकोली खुर्द का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति, सिलेबस की पूर्णता की स्थिति, परीक्षा पर चर्चा, शत-प्रतिशत अपार आईडी, छात्रवृत्ति की स्थिति, बच्चों का शैक्षणिक स्तर, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं एलपीजी से संचालन, अर्धवार्षिक परीक्षा, बायोमैट्रिक उपस्थिति आदि बिंदुओं पर फोकस किया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रश्नों के बेहतर उत्तर देने की शैली को उदाहरण सहित समझाया और कहा कि समझ के साथ पढ़ें एवं अपनी शैली में उत्तर लिखें। इस अवसर पर संकुल समन्वयक पोखन साहू एवं शैक्षिक गण पूनमचंद पाटले, दिलीप चंद्राकर, नरोत्तम सिंह ध्रुव, रुक्मणि पटेल, गिरधारी लाल सिन्हा, प्रेरणा चंद्राकर आदि की उपस्थिति रही।

# सतनामी समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन कल राजधानी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

- भावी जीवनसाथी की तलाश में कई प्रांतों से पहुंचेंगे सतनामी युवक
- एलईडी . स्क्रीन व फेसबुक लिंक के माध्यम से देश भर में होगा सीधा प्रसारण

गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से राजधानी के शहीद स्मारक भवन में 4 जनवरी को सुबह 10 बजे से सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक- युवतियों के लिए राष्ट्र स्तरीय हाईटेक विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें मनपसंद भावी जीवन साथी की तलाश में छ.ग. सहित कई प्रांतों से बड़ी संख्या में नवयुगल प्रतिभागी अपने परिजनों के साथ राजधानी पहुंच रहे है,जहां बड़ी संख्या में वैवाहिक रिश्ते जुड़ेंगे।

आयोजन समिति संरक्षक शकुन डहरिया,अध्यक्ष के.पी. खण्डे, महासचिव डॉ.जे.आर. सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि इस बार राजधानी में दसवें वर्ष का आयोजन होने जा रहा है जिसका प्रसारण बड़े-बडे.एलईडी. स्क्रीन के साथ-साथ फेसबुक लिंक के माध्यम से इसे पूरे देश भर में लाईव दिखाया जाएगा जिसका लिंक सोशल मीडिया में जारी कर दिया गया है। इस दौरान रिश्ते पसंद आने पर उन्हें मांग के अनुरुप अलग से बायोडाटा उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम दिवस रविवार को भारी भीड़ उड़ेगी, प्रतिभागियों के पंजीयन हेतु कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही तीन अलग-अलग विशेष काउंटर खुली रहेगी जहां अविवाहित नवयुगल प्रतिभागियों के अलावा समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला/ पुरुष भी अपना पंजीयन करवा सकेंगे। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। कार्यक्रम में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर भी लगाई जा रही है जहां डेढ़ दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम सेवाएं देंगे।

सम्मेलन के 15 दिवस पश्चात सभी पंजीकृत प्रतिभागियों की रंगीन फोटोयुक्त बायोडाटा वैवाहिक पत्रिका बंधन में प्रकाशित कर उसे निःशुल्क प्रदान की जायेगी । आयोजकगणो ने परिचय सम्मेलन में विवाह के लिए रिश्ता ढूंढ रहे सतनामी समाज के योग्य बेटा/ बेटियों तथा उनके अभिभावकों को कार्यक्रम में भाग लेकर लाभ लेने की अपील की है।

# प्रांतीय पंथी नृत्य स्पर्धा में मासूल राजनांदगांव प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर




उरला अभनपुर मे राज्य स्तरीय गुरू घासीदास बाबा जंयती के उपलक्ष्य मे दो दिवसीय भव्य पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था जिसमे पुरूष वर्ग मे सतनाम गंगा पंथी नृत्यदल ग्राम मासूल राजनांदगांव प्रथम पुरस्कार 15 हजार रूपये नगद प्राप्त किया। इसी तरह द्वितीय लोधारा नवयुवक पंथी कला मंडल अहिरवारा धमधा 10 हजार रूपये नगद ,तृतीय पुरस्कार गुरू बालकदास पंथी पार्टी सोनपैरी अभनपुर 7 हजार रूपये,महिला वर्ग मे रंग झमा झम बालिका पंथी पार्टी सुखरी गुंडरदेही 9 हजार रूपये नगर पुरस्कार,द्वितीय ज्ञान के अंजोर बालिका पंथी पार्टी कुरूद धमतरी 6 हजार रूपये,तृतीय जय सतनाम मंगल भजन पार्टी पोखरा फिंगेश्वर 5500 रूपये सभी प्रतिभागी टीमो को नगद पुरस्कारो के साथ शील्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक इन्द्रकुमार साहू,पूर्व विधायक इन्द्रकुमार साहू,विशिष्ट अतिथि जपं.अध्यक्ष चंनद्रिका बंजारे,पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,सतनामी समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन,सतनाम संदेश यात्रा अध्यक्ष जितेन्द्र बंजारे,पालिका सभापति सुशीला हरवंश,पूर्व पार्षद श्रीमति पुष्पलता गिलहरे,पार्षद बीरबलदास टंडन,सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी आदि प्रमुख व्यक्तियो ने गुरू घासीदास बाबा के जीवनी पर प्रकाश डाला,विगत कई वर्षो से गुरू घासीदास जंयती के उपलक्ष्य मे आयोजित होते आ रहा है। पार्षद व सतनामी परिक्षेत्र उपाध्यक्ष नीलकमल गिलहरे और उनकी टीम मे शामिल प्रमुख रूप से कमलेश गिलहरे,छन्नू लाल बघेल,सज्जन हरवंश,विष्णु हरवंश,रतनलाल गिलहरे,ह्दयराम गिलहरे,ईतवारी बघेल,कोमल गिलहरे,बिहारी हरवंश,लालदास गिहलरे,चंकी डांडे,भूपेन्द्र गिलहरे,बाल किशन मिरी,हिमांशु हरवंश,थानेश्वर मिरी,मयंक गिहलरे,जितेन्द्र टंडन,चंदू गिलहरे आदि लोगो के प्रमुख सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम मे सम्मिलित होने के लिए बड़ी संख्या मे लोग पहुंचते है,रात्रिकालिन कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति कार्यक्रम रंग रंजन वीरेन्द्र चतुर्वेदी की टीम द्वारा प्रस्तुति दी गई।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 761 दिनांक 05.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर- 29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-HIG-PREMIUM-373 को श्री रविशंकर शर्मा पिता श्री विद्याभूषण शर्मा के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 11.10.2013 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री रविशंकर शर्मा पिता श्री विद्याभूषण शर्मा निवासी एस-6, ग्रीन पैराडाइस, विशाल नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती संतोषी राठौर पति श्री गुलाब सिंह राठौर, निवासीः- शिक्षक कॉलोनी, हरदीबाजार, कोरबा. जिला कोरबा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक-HIG-PREMIUM-373 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

**// सूचना पत्र //**

क्रमांक//वाचक/तहसीलदार/2025 रायपुर, दिनांक 24/12/2025

प्रति,

01. सुकांत दावड़ा पिता मगन लाल दावड़ा निवासी 115/ बी. एस.ई.सी-3, गीतांजली नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

02. गीतांजली नगर रेसीडेन्सियल वेल्फेयर सोसायटी, आफिस 64/3. गीतांजली नगर, रायपुर छ.ग.

**विषय :-** इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक/ 202512110200002/अ-6(अ)/वर्ष 2025-26 में पक्षकार श्री सुकांत दावड़ा विरूद्ध छ.ग. शासन ग्राम शंकरनगर, प.ह.नं. 110/63, तहसील व जिला रायपुर में उपस्थित होने बाबत।

विषयांकित संबंध में आपको इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है। कि आवेदक श्री सुकांत दावड़ा पिता श्री मगनलाल दावड़ा निवासी 115/ बी.एस.ई.सी-3, गीतांजली नगर, शंकरनगर रायपुर तहसील तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते नक्शा में बंटाकन किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 681/3/क रकबा 0.0290 हे., खसरा नंबर 682/18 शामिल 688/18, 691/18, 1308/18 रकबा 0.110 हे. एवं खसरा नंबर 683/4 रकबा 0.0550 हे. भूमि धारित की जाती है। आवेदक अपनी उक्त भूमि का राजस्व नक्शा में बंटाकन किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप आवेदक एवं अनावेदक हैं, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 12/01/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा ।

तहसीलदार
रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल
रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा
जिला रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

दिनांक 17/10/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ज्योति अग्रवाल पति नितेश अग्रवाल निवासी रायपुर की ग्राम गुमा प.ह.न. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 223/2, 223/3 224/3, 406/30 रकबा 0.0930, 0.3120, 0.158, 0.0220 का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक का/वाचक/ तह./ 2025 आदेश दिनांक 03/10/2025 के परिपालन में दिनांक 13/01/2026 को समय 12.00. बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नबंर 32 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

अतः सो सूचना जाने
राजस्व निरीक्षक
रायपुर-19 (धनेली)

न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

**-: ईश्तहार:-**

रा.मा.क्र./ ब/121 वर्ष 2025-26
धरसींवा, दिनांक 22/12/2025
ग्राम सिलतरा प.ह.नं. 20, रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा, तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती केजिया वर्मा पति स्व. अवधराम वर्मा निवासी संतोषी नगर खमतराई (छ.ग.) द्वारा द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम सिलतरा, प.ह.न. 20 रा.नि.म. रायपुर-15 धरसींवा, तहसील धरसींवा जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.न. 739/4 रकबा 0.1020 हे., ख.न. 768/67 रकबा 0.4090 हे. भूमि केजिया वर्मा पति स्व. अवधराम वर्मा, महेश्वरी वर्मा पिता स्व. अवधराम के संयुक्त नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की भूमि स्वामी हक कि भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था। जो कहीं गुम हो गया है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है । अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत द्वितीय प्रति बाबत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06/01/2026 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 22/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
धरसींवा जिला-रायपुर (छ.ग.)

# छत्तीसगढ़ में पकड़ा गया 90 करोड़ का अवैध धान, ढाई हजार से अधिक केस, 106 गाड़ियां भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 में 1 नवंबर 2025 से लेकर 2 जनवरी 2026 के बीच राज्यभर के सभी 33 जिलों में करीब 90 करोड़ रुपयों का धान पकड़ा गया है। इस धान को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए लाया जा रहा था। राज्य सरकार ने इस बार अवैध धान परिवहन के खिलाफ कड़ी नाकेबंदी करते हुए अंतराराज्यीय सीमाओं पर जांच नाके बना रखे हैं। धान की इस बरामदगी से संबंधित ढाई हजार से अधिक प्रकरण बनाए गए हैं। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के साथ ही राज्य सरकार किसानों को प्रोत्साहन राशि समेत 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल अदा करती है। धान की इतनी कीमत संभवतया देश के किसी राज्य में नहीं मिल रही है। यही कारण हो सकता है कि छत्तीसगढ़ के आसपास के राज्य, ओडिशा, महाराष्ट्र, झारखंड सहित अन्य राज्यों का धान यहां लाकर समर्थन मूल्य पर बेचने की कोशिश की जाती है, लेकिन राज्य सरकार द्वारा की गई तगड़ी नाकेबंदी से अवैध परिवहनकर्ताओं को शिकंजे में लिया गया है।

हरिभूमि फॉलोअप

- राज्य सरकार ने प्रदेश की सीमाओं पर की है तगड़ी नाकेबंदी
- महासमुंद, बलौदाबाजार, रायगढ़, राजनांदगांव में सबसे अधिक घुसपैठ



## सबसे अधिक घुसपैठ महासमुंद, रायगढ़, बलौदाबाजार, राजनांदगांव से

इस सीजन के दौरान 1 नवंबर 2025 से लेकर 2 जनवरी 2026 के बीच अवैध धान के कुल 2516 प्रकरण बनाए जा चुके हैं। इसके साथ ही अवैध धान परिवहन के लिए इस्तेमाल किए गए 106 वाहन भी जब्त किए गए है। राज्य के सभी जिलों में कुल मिलाकर 2 लाख 89 हजार 578 मीट्रिक टन से अधिक धान जब्त किया गया है। मोटे तौर पर अगर इस धान की कीमत 31 सौ रुपए क्विंटल के हिसाब से देखें तो यह 89 करोड़ 76 लाख 91 हजार 800 रुपयों का होता है। यही धान अगर सोसाइटियों के माध्यम से खरीद लिया जाता तो सरकार को यह राशि अदा करनी पड़ती। खास बात ये है कि राज्य के सभी 33 जिलों में धान के अवैध परिवहन के मामले सामने आए हैं, लेकिन इनमें सबसे ज्यादा 312 मामले महासमुंद, रायगढ़ में 140, राजनांदगांव में 167, धमतरी, बलरामपुर में 119, कवर्धा में 109, बेमेतरा में 122, जशपुर में 105, बलौदाबाजार में 146, प्रकरण बने हैं। इन मामलों में मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

---

## खबर संक्षेप



### रमन ने किया विधानसभा के डायरी कैलेंडर का विमोचन

रायपुर। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने शंकर नगर स्थित स्पीकर हाऊस में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के वर्ष 2026 के कैलेण्डर एवं डायरी (दैनंदिनी) का विमोचन किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, मंत्री खुशवंत साहेब, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे एवं विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा एवं विधानसभा अध्यक्ष के सचिव विक्रम सिसोदिया विधानसभा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के रूप में दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर ''डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल के दो वर्ष महत्वपूर्ण कार्य एवं उपलब्धियां'' शीर्षक से पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर विधानसभा की 25 वर्षों की संसदीय यात्रा पर केंद्रित कीर्ति सिसोदिया द्वारा निर्मित एवं निर्देशित वृत्त चित्र का भी विमोचन किया गया।

### भाजपा पुरानी बस्ती मंडल में जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**रायपुर।** भाजपा पुरानी बस्ती मंडल अंतर्गत डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा ने वार्ड की जरूरतमंद माताओं एवं बुजुर्गों को कंबल वितरित करने कार्यक्रम का आयोजन किया। मंडल अध्यक्ष केदार धनगर ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हम सुशासन पर्व के रूप में मनाते हैं और इसी कड़ी में ठंड को देखते हुए सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किया गया। इसी तरह सेवाकार्य निरंतर चलते रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में भाजपा रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी, भाजपा रायपुर जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष केदार धनगर, वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, पार्षद अजय साहू, मंडल महामंत्री अमीर कोषे, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राज गायकवाड़, उपाध्यक्ष सुधीर यादव, विजय सिंह, मंत्री कविता साहू, कौशल श्रीवास, पुनीत देवांगन, राजेश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

---

### विधायक ने अधिकारियों से कहा- विकास की गुणवत्ता और समयसीमा से समझौता नहीं

# मूणत ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण, धीमी गति से चल रहे कार्यों पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने शुक्रवार को अपने क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान कहीं-कहीं धीमी गति से चल रहे कार्यों को देखकर वे एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को दो टूक में कहा कि किसी भी कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा में लापरवाही न बर्दाश्त करेंगे और न ही समझौता, इसलिए गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो, यह सुनिश्चित कराएं।

राजेश मूणत ने निरीक्षण कार्य की शुरुआत वीर शिवाजी वार्ड स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ से की। यहां 10 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जा रहा है। इस कक्ष का निर्माण कार्य धीमी गति से देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से इसे पूर्ण किया जाए। इसी प्रकार विधायक ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ख़मतराई में 25 लाख की लागत से बन रहे अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भी निरीक्षण किया। यहां भी धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने इसे भी दो माह की समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



### ठक्कर बाबा वार्ड का कायाकल्प

*मूणत ने ठक्कर बाबा वार्ड में 80 लाख की लागत से बन रहे महतारी सदन का निरीक्षण कर उसे नया स्वरूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सदन के साथ लगे मैदान का सौंदर्यीकरण किया जाए, सांस्कृतिक मंच के ऊपर हॉल बनाया जाए और जल भराव रोकने के लिए चारों ओर नाली का निर्माण हो। वार्ड की सबसे बड़ी सौगात 16 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 2000 किलो लीटर क्षमता की नवीन पानी टंकी (जलागार) को लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 जनवरी 2026 तक शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से मानचित्र अनुमोदित कराकर कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ करें।*

### शिक्षा और अधोसंरचना को प्राथमिकता

मूणत ने इस दौरान शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत 23 लाख रुपये की लागत से बनने वाले दो नए कक्षों का भूमि पूजन भी किया। उन्होंने छात्रों को लाभ मिले। इसके लिए यह कार्य भी अगस्त 2026 तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए।

### सांस्कृतिक और सामुदायिक भवनों का उन्नयन

मूणत ने बाल गंगाधर तिलक वार्ड में 25 लाख की लागत से बन रहे सामुदायिक भवन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही, पूर्व निर्मित सियान सदन का निरीक्षण कर उसके रंग-रोगन, साफ-सफाई और प्रथम तल पर नए हॉल निर्माण के लिए तत्काल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने को कहा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि धरातल पर गुणवत्तापूर्ण विकास उतारना है। जनता के पैसे का सदुपयोग होना चाहिए। विकास कार्यों में देरी न केवल लागत बढ़ाती है, बल्कि जनता को सुविधाओं से वंचित भी रखती है। उन्होंने, अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया है कि तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा करें, नहीं तो उनकी जवाबदेही तय की जाएगी।

---

## जोन कार्यालय में कमल निशान लगाने का विरोध, कांग्रेस का लगाया झंडा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले जोन 5 के शासकीय कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह (कमल) लगाए जाने के मामले को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ता शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के निर्देश पर बड़ी संख्या में जोन कार्यालय पहुंचे और जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस का झंडा लगाया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस कृत्य को संविधान, लोकतंत्र और शासकीय निष्पक्षता के खिलाफ बताते हुए जोन कमिश्नर के खिलाफ नारेबाजी की एवं प्रशासन की चुप्पी पर कड़ा आक्रोश जताया। शहर प्रवक्ता बंशी कन्नौजे ने कहा, नगर निगम एक शासकीय संस्था है न कि किसी राजनीतिक दल का कार्यालय, और वहां किसी भी पार्टी का चुनाव चिन्ह लगाना सरकारी नियमों का खुला उल्लंघन है। इसकी जानकारी एक हफ्ते पूर्व हमने जोन कमिश्नर के संज्ञान में डाल दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद नगर निगम दफ्तर से भाजपा का चुनाव चिन्ह नहीं हटाया गया। इससे लगता है, भाजपा शासन-प्रशासन को अपने संगठन के रूप में चलाने की मानसिकता रखती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि जोन 5 के कार्यालय से भाजपा का चुनाव चिन्ह तत्काल हटाया जाए। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत ठेंगड़ी वार्ड अध्यक्ष सुयश शर्मा योगेश दीक्षित डोमेश शर्मा मोहम्मद नियाज उत्तम देवांगन प्रीति सोनी निशा शर्मा मुकेश कुकरेजा गौरव यादव ऐश्वर्य साहू रोहित साहू संतोष वर्मा अंकुश शर्मा राहुल सिंह दीपक यादव उपस्थित थे।

---

**कांग्रेस बोली**

## तमनार में महिला आरक्षक से मारपीट अक्षम्य अपराध

- सरकार मंथन करे उसके सिस्टम के प्रति लगातार जनता में विद्रोह क्यों हो रहा : बैज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, तमनार में महिला आरक्षक से की गई क्रूरतापूर्वक मारपीट और अभद्रता यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। इस घटना में महिला आरक्षक के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं, उसके कपड़े फाड़े गए हैं और महिला आरक्षक हाथ जोड़कर गुहार लगा रही है कि उसको छोड़ा दें। यह वीडियो शर्मसार करने वाला झकझोर कर रख देने वाला है। कांग्रेस इस पूरे घटना की कड़ी निंदा करती है तथा दोषी जो भी है, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग करती है।

दीपक बैज ने कहा, सवाल यह खड़ा होता है कि छत्तीसगढ़ में ऐसी स्थितियां निर्मित क्यों हो रही हैं। जनता में सरकार और पुलिस के प्रति इतना ज्यादा आक्रोश क्यों बढ़ता जा रहा है। पुलिस के प्रति इतना आक्रोश दो साल के पहले कभी नहीं दिखा है। इसके पहले कवर्धा में भी सरकार और पुलिस के प्रति आक्रोश के कारण एक व्यक्ति को उसके घर में जिंदा जला दिया गया था। बलौदाबाजार में भी सरकार के प्रति आक्रोश के कारण एसपी, कलेक्टर कार्यालय को जला दिया गया था। बलरामपुर में जनता ने एसडीएम को मारने दौड़ाया था, उनको भाग कर जान बचानी पड़ी थी। पिछले पौने 2 साल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद सरकार के प्रति इतना ज्यादा अविश्वास और विद्रोह जनता में हो गया है, जनता अपनी सीमाएं पार कर रही है। यह सरकार के लिए आत्म मंथन करने का विषय है।

**भाजपा बोली**

## शब्दों की मर्यादा लांघना कांग्रेस की पुरानी आदत

- कांग्रेस में बघेल का वर्चस्व खत्म हो चुका : डॉ. विजय शंकर मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो बयान उप मुख्यमंत्री अरुण साव के लिए दिया है, वह बेहद ही शर्मनाक है। यह बयान इस बात का सबूत है कि शब्दों की मर्यादा को लांघना कांग्रेस की पुरानी आदत है। डॉ. मिश्रा ने कहा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बघेल का वर्चस्व खत्म हो चुका है और छत्तीसगढ़ की जनता बघेल को पसंद नहीं करती, इसलिए वापस अपना स्थान बनाए रखने के लिए इस प्रकार का बयान बघेल दे रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने कहा, बघेल को यह देखना चाहिए कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही, उस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री साव भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने और उन्हीं के नेतृत्व में भाजपा चुनाव लड़ी। उनकी योग्यता का आकलन इसी से किया जा सकता है कि श्री साव के नेतृत्व में ही बघेल की पार्टी चुनाव हारी और आज बघेल की पार्टी सत्ता से बाहर है। डॉ. मिश्रा ने कहा, बघेल ने बंदर वाला जो बयान दिया है, वह बयान राहुल गांधी के लिए सही बैठता प्रतीत होता है। क्या यह बयान बघेल ने राहुल के लिए बनाया था। चूंकि राहुल गांधी राष्ट्रीय नेतृत्व में हैं, उनके लिए वह बोल नहीं पा रहे थे और उनको यह बयान कहीं सेट करना था, तो भाजपा नेता पर मढ़ दिया। बघेल अपनी सस्ती लोकप्रियता वापस पाने के लिए कभी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तो कभी उपमुख्यमंत्री और कभी भाजपा के बड़े नेताओं के विरुद्ध अनर्गल बातें करते रहते हैं।

---

## कोषालय कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालय शासकीय कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन विभाग के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने किया। संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर एवं प्रांतीय महामंत्री दीपक देवांगन ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 2026 में भी संगठन द्वारा प्रदेश के सभी जिला कोषालय अधिकारी के नाम एवं मोबाइल नंबर, पांचो संभाग के संभागीय संयुक्त संचालकों के नाम एवं मोबाइल नंबर तथा वित्त विभाग के अति आवश्यक दूरभाष नंबर सहित आकस्मिक अवकाश, ऐच्छिक अवकाश तथा संगठन की उपलब्धि एवं संगठन द्वारा कर्मचारी हित में किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए वार्षिक कैलेंडर का प्रकाशन कराया गया है।

सभी जिलों के कोषालय अधिकारी के मोबाइल नंबर कैलेंडर में प्रकाशित होने से ट्रेजरी से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु प्रदेश के कर्मचारी, अधिकारी एवं पेंशनर्स घर बैठे मोबाइल के माध्यम से ट्रेजरी अधिकारी से बात कर अपनी समस्या का निराकरण कर सकते हैं।कैलेंडर विमोचन में प्रमुख रूप से प्रांताध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर, प्रांतीय महामंत्री दीपक देवांगन, संरक्षक चमन प्रकाश साहू, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामाधार साहू, वरिष्ठ सदस्य प्रकाश ठाकुर, चतुर्थ श्रेणी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मधुकर सिंह, बादल बंजारे आदि उपस्थित थे।

## यूसीमास छात्र 8 मिनट में 200 प्रश्न हल कर जीतेंगे अबैकस स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य एवं नागपुर क्षेत्र के लिए यूसीमास की मास्टर फ्रैंचाइजी अबैकस टैलेंट एलएलपी द्वारा 12वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय यूसीमास अबैकस एवं मेंटल एरिथमेटिक प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 4 जनवरी को किया जा रहा है।

प्रतियोगिता तथा पुरस्कार वितरण समारोह दोनों ही महर्षि वाल्मीकि उत्सव मंडप, श्री राम मंदिर, वीआईपी चौक रायपुर में आयोजित होंगे। गौरतलब है कि अबैकस बच्चों के मस्तिष्क विकास के लिए एक विशेष उपकरण है। आयोजकों के मुताबिक छत्तीसगढ़ से 5-13 वर्ष आयुवर्ग के लगभग एक हजार स्कूली विद्यार्थी इस विशाल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। शहर में इस तरह की यह सबसे बड़ी प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता को विजुअल, लिसनिंग तथा फ्लैश प्रतियोगिताओं में विभाजित किया गया है। तीनों प्रकार की प्रतियोगिताओं में छात्र अबैकस की मदद से गणितीय प्रश्नों को हल करेंगे। इसके बाद यूसीमास के सभी 8 स्तर पूरे करने वाले तथा इंटरनेशनल ग्रेडिंग एग्जाम (आईजीई) पास करने वाले बच्चों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की जाएगी। साथ ही पुरस्कार वितरण भी होगा, जिसमें प्रत्येक श्रेणी में चैंपियन, सीनियर चैंपियन ऑफ चैंपियंस तथा जूनियर चैंपियन ऑफ चैंपियंस सहित विभिन्न आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

---

### मानसिक स्वास्थ्य सुधारने कितनी बैठक ली, देनी होगी जानकारी

# सभी जिलों के शिक्षा अधिकारी बताएंगे-कितने शौचालय बनवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों को यह बताना होगा कि उन्होंने मौजूदा सत्र में कितने शौचालय बनवाए हैं तथा कितने शौचालयों की मरम्मत करवाई है? इसके अलावा छात्रों के मानसिक स्थिति सुधारने उनके द्वारा किस तरह की कोशिशें की गई और इस संदर्भ में कितने बैठक उन्होंने लिए, इसकी भी जानकारी देनी होगी। लोक शिक्षण संचालनालय 5 जनवरी को प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक आयोजित करेगा। इस बैठक के तय बिंदु जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित कर दिए गए हैं। डीपीआई ने जारी किए गए आदेश में कहा है, विभागीय समीक्षा बैठकमें सभी संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयकों की उपस्थिति अनिवार्य है। एजेंडा की जानकारी 3 जनवरी तक समन्वय कक्ष को उपलब्ध कराने कहा गया है।

खास खबर




### शिक्षकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति का भी हिसाब-किताब

छात्रवृत्ति पोर्टल में कितने छात्रों का पंजीयन किया गया, इस विषय में भी विस्तार से जानकारी देनी होगी। शिक्षक बायोमैट्रिक उपस्थिति तथा ई-केवायसी की दिशा में क्या कार्य किए गए, इसकी रिपोर्ट भी समीक्षा बैठक में सभी जिला शिक्षा अधिकारी पेश करेंगे। यूडाईस, अपार एवं आधार आई.डी. की अद्यतनीकरण की जानकारी, परीक्षा पे चर्चा पोर्टल में पंजीयन, जिलों में डाइट का अपडेशन, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना की जिला स्तरीय बैठक कब-कब आयोजित हुई और इसके क्या परिणाम निकले, यह भी जिला शिक्षा कार्यालयों से पूछा गया है।

### बताएंगे स्मार्ट क्लासरूम की उपयोगिता

युक्तियुक्तकरण उपरांत पदभार ग्रहण न करने वाले शिक्षकों एवं उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी भी पेश करने कहा गया है। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कितनी बैठक जिला स्तर पर हुई, इसकी रिपोर्ट भी मांगी गई है। न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा, स्मार्ट क्लास रुम की उपयोगिता एवं भौतिक स्थिति, कक्षा 5वीं, 8वीं, 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा की तैयार, पीएमई विद्या चैनल का नियमित उपयोग करने वाले विद्यालयों की जानकारी, अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेशन (5 वर्ष एवं 15 वर्ष के बच्चों के लिए आधार अपडेशन) की जानकारी जैसे बिंदु भी बैठक एजेंडा में शामिल हैं।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 761 दिनांक 05.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर- 29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-HIG-PREMIUM-373 को श्री रविशंकर शर्मा पिता श्री विद्याभूषण शर्मा के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 11.10.2013 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री रविशंकर शर्मा पिता श्री विद्याभूषण शर्मा निवासी एस-6, ग्रीन पैराडाइस, विशाल नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती संतोषी राठौर पति श्री गुलाब सिंह राठौर, निवासीः- शिक्षक कॉलोनी, हरदीबाजार, कोरबा. जिला कोरबा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक-HIG-PREMIUM-373 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

**// सूचना पत्र //**

क्रमांक//वाचक/तहसीलदार/2025 रायपुर, दिनांक 24/12/2025

प्रति,

**01.** सुकांत दावड़ा पिता मगन लाल दावड़ा निवासी 115/ बी. एस.ई.सी-3, गीतांजली नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

**02.** गीतांजली नगर रेसीडेन्सियल वेल्फेयर सोसायटी, आफिस 64/3. गीतांजली नगर, रायपुर छ.ग.

**विषय :-** इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक/ 202512110200002/अ-6(अ)/वर्ष 2025-26 में पक्षकार श्री सुकांत दावड़ा विरूद्ध छ.ग. शासन ग्राम शंकरनगर, प.ह.नं. 110/63, तहसील व जिला रायपुर में उपस्थित होने बाबत।

विषयांकित संबंध में आपको इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है। कि आवेदक श्री सुकांत दावड़ा पिता श्री मगनलाल दावड़ा निवासी 115/ बी.एस.ई.सी-3, गीतांजली नगर, शंकरनगर रायपुर तहसील तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते नक्शा में बंटाकन किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 681/3/क रकबा 0.0290 हे., खसरा नंबर 682/18 शामिल 688/18, 691/18, 1308/18 रकबा 0.110 हे. एवं खसरा नंबर 683/4 रकबा 0.0550 हे. भूमि धारित की जाती है। आवेदक अपनी उक्त भूमि का राजस्व नक्शा में बंटाकन किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप आवेदक एवं अनावेदक हैं, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 12/01/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा ।

**तहसीलदार**
**रायपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**दिनांक 17/10/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ज्योति अग्रवाल पति नितेश अग्रवाल निवासी रायपुर की ग्राम गुमा प.ह.न. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 223/2, 223/3 224/3, 406/30 रकबा 0.0930, 0.3120, 0.158, 0.0220 का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक का/वाचक/ तह./ 2025 आदेश दिनांक 03/10/2025 के परिपालन में दिनांक 13/01/2026 को समय 12.00. बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नबंर 32 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

**अतः सो सूचना जाने**
**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 (धनेली)**

# DMart®
Daily Discounts Daily Savings

## संक्रांति की सारी शॉपिंग अब बजट में

शॉप ऑनलाइन** DMart ready GET IT ON Google Play Download on the App Store

### संक्रांति स्पेशल

₹ 43* सिर्फ लूज़ चीनी 1 किलो
₹ 59* सिर्फ लूज़ वाडा कोलम चावल 1 किलो
₹ 78* सिर्फ लूज़ कालिमुंछ चावल 1 किलो
₹ 31* सिर्फ लूज़ गेहूँ आटा 1 किलो
₹ 71* सिर्फ लूज़ चना दाल 1 किलो
₹ 102* सिर्फ लूज़ मुंग दाल 1 किलो
₹ 141* सिर्फ लूज़ मूंगफली 1 किलो
₹ 66* सिर्फ लूज़ बेसन 1 किलो
₹ 48* सिर्फ लूज़ जाड़ा पोहा 1 किलो
₹ 949* सिर्फ लूज़ मखाना 1 किलो
₹ 151* सिर्फ लूज़ सफेद तिल 1 किलो

₹ 65* सिर्फ गुड़ चिक्की 900 ग्राम मूल कीमत ₹ 90
₹ 51* सिर्फ मेथी 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 75
₹ 299* सिर्फ मिक्स ड्रायफ्रूट 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 407
₹ 399* सिर्फ स्वाद बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 503
₹ 449* सिर्फ काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 675
₹ 239* सिर्फ इंडियन किशमिश 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 374
₹ 37*/₹ 89* सिर्फ इलायची ग्रीन ईको 10 ग्राम/25 ग्राम मूल कीमत ₹ 53/₹ 123

### डेली एसेंशियल्स

₹ 49* सिर्फ दावत पुलाव बासमती चावल 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 90
₹ 261* सिर्फ मधुर प्युअर और हायजीनिक चीनी 5 किलो मूल कीमत ₹ 315
₹ 469* सिर्फ नटराज कॅलिफोर्निया बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 599
₹ 499* सिर्फ नटराज काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 699
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त श्री तिल चिक्की सॉफ्ट लड्डू 200 ग्राम मूल कीमत ₹ 118*
₹ 139* सिर्फ ताली पीनट्स 1 किलो मूल कीमत ₹ 240
₹ 89* सिर्फ एसएचआर सफेद तिल 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 154
₹ 299* सिर्फ टाटा टी इलायची चाय 1 किलो मूल कीमत ₹ 340

1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त पावक नॅचरल गुड़ जार 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 110*
₹ 389* सिर्फ डाबर हनी 1.3 किलो मूल कीमत ₹ 635
₹ 235* सिर्फ हल्दिराम्स भुजिया सेव 1 किलो मूल कीमत ₹ 275
₹ 219* सिर्फ किमिया सीडेड खजूर 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 310
₹ 509* सिर्फ डाबर अवलेह च्यवनप्राश 1.5 किलो मूल कीमत ₹ 660
₹ 79* सिर्फ सनफिस्ट यिप्पी मॅजिक मसाला नुडल्स 544 ग्राम मूल कीमत ₹ 120
₹ 56* सिर्फ ब्रिटानिया जिमजॅम पॉप्स 350 ग्राम मूल कीमत ₹ 108
₹ 90* सिर्फ स्प्राईट बोतल 1.75 लि. मूल कीमत ₹ 100

₹ 115* सिर्फ शुभकार्ट कॅम्फर पूजा ऑइल 900 मि.ली. मूल कीमत ₹ 207
₹ 142* सिर्फ पॅराशूट नारियल तेल इज़ी जार 200 मि.ली. मूल कीमत ₹ 160
₹ 145* सिर्फ विक्स वेपोरब 50 मि.ली. मूल कीमत ₹ 186
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त लॅक्मे पीच मिल्क सॉफ्ट क्रीम 200 ग्राम मूल कीमत ₹ 597*
₹ 176* सिर्फ बोरोप्लस आयुर्वेदीक एन्टीसेप्टिक क्रीम 120 मि.ली. मूल कीमत ₹ 206
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त वॅसलीन डीप मॉइश्चर बॉडी लोशन 600 मि.ली. मूल कीमत ₹ 750*
₹ 313* सिर्फ फियामा सेलिब्रेशन पॅक जेल बार 4x125 ग्राम प्रती मूल कीमत ₹ 449
₹ 399* सिर्फ गोदरेज ईज़ी लिक्विड डिटर्जेंट पाउच 2 किलो मूल कीमत ₹ 430

### किचनवेयर

₹ 29^* से आगे स्टील संक्रांति स्पेशल
₹ 39^* से आगे प्लास्टिक कंटेनर असॉर्टेड
₹ 99* सिर्फ ईज़ी लॉक 300 मि.ली. 6 पीस मूल कीमत ₹ 150
₹ 19^* से आगे मेलामाइन ट्रे 19.05 सेमीx15.24 सेमी
₹ 19^* से आगे ग्लास जार
₹ 445^* सिर्फ पिजन स्टॉर्म इंडक्शन बेस डोसा तवा मूल कीमत ₹ 1,025
₹ 1,489^* सिर्फ बटरफ्लाय स्टेनलेस स्टील कुकर 3 ली. मूल कीमत ₹ 3,415
₹ 1,749^* से आगे ब्रांडेड मिक्सर्स BAJAJ Crompton WONDERCHEF

## बन ठन कर स्वागत करें, शादी के मौसम का

### विंटर वियर उपलब्ध

₹ 199** से आगे गर्ल्स फैशन फ्रॉक
₹ 79** से आगे बॉइज़ एण्ड गर्ल्स टी-शर्ट
₹ 299** से आगे गर्ल्स कुर्ती
₹ 149** से आगे बॉइज़ शर्ट
₹ 99** से आगे लेडीज़ टी-शर्ट
₹ 149** से आगे लेडीज़ फैन्सी टॉप
₹ 349** से आगे लेडीज़ जीन्स
₹ 74** से आगे लेडीज़ स्लिपर्स एण्ड सैण्डल्स
₹ 199** से आगे बॉइज़ डेनिम
₹ 199** से आगे लेडीज़ लॉंग कुर्तीज़
₹ 99** से आगे लेडीज़ दुपट्टा
₹ 199** से आगे लेडीज़ एंकल कॉटन स्ट्रेच लेगिंग्ज़
₹ 599** से आगे कुर्ती सेट
₹ 299** से आगे मेन्स स्वेटर
₹ 299** से आगे मेन्स एथनिक कुर्ता और पायजमा
₹ 449** से आगे मेन्स कॉटन चीनोज़
₹ 499** से आगे मेन्स जॉगर्स और कार्गो
25% छूट मूल कीमत पर सभी ब्रांडेड मेन्स अंडरगारमेंट
₹ 99** से आगे मेन्स फैन्सी टी-शर्ट
₹ 199** से आगे मेन्स फॉर्मल और कॅज्युअल शर्ट
₹ 349** से आगे मेन्स फॉर्मल ट्राउज़र
₹ 349** से आगे मेन्स फैशन जीन्स
₹ 299** से आगे मेन्स कॅज्युअल शूज़
₹ 365** से आगे मेन्स फॉर्मल शूज़

न्यूनतम 9% छूट

सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166

**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध

उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देशों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद की पेशकश स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. • ^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु

Impulse/01/26

# कचना हाउसिंग बोर्ड फेस-1 कालोनी में मंडरा रहा महामारी का खतरा, नालियों का गंदा पानी नलों में आ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन-9 अंतर्गत कचना स्थित हाउसिंग बोर्ड फेस-1 कालोनी में इन दिनों महामारी का खतरा मंडरा रहा है। इस कालोनी में लगे नलों के पानी में सिवरेज ड्रेनेज का गंदा पानी भी आ रहा है, जिसके कारण यहां पीलिया, डायरिया, टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारी के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। इधर जोन कार्यालय में इसकी शिकायत की गई है, लेकिन अब तक सिवरेज ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने के लिए कोई पहल नहीं की गई है।

अलग खबर

## निदान में भी शिकायत पर निराकरण नहीं

बताया जा रहा है कि कालोनी के रहवासियों ने निदान में भी इस समस्या को लेकर शिकायत की है, लेकिन निराकरण के लिए अभी तक नगर निगम से कोई टीम भेजी नहीं गई है।





## बीमार होकर जा सकती है बहुतों की जान

हाउसिंग बोर्ड फेस-1 कालोनी के रहवासियों ने बताया कि कालोनी में सिवरेज ड्रेनेज खुले पड़े हुए हैं। इसके कारण जहां कालोनी में गंदगी पसरी हुई है, वहीं इस खुले सिवरेज ड्रेनेज का गंदा पानी अब पाइप लाइप में घुस रहा है, जिससे नलों से दूषित पानी आ रहा है। इस दूषित पानी से बदबू भी आ रही है। रहवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर जोन कार्यालय में शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक ड्रेनेज सिस्टम को सुधारा नहीं गया है। अगर ऐसी ही स्थिति रही, तो कालोनी में दूषित पानी पीने से लोग कई तरह की बीमारियों से ग्रसित होंगे। यहां महामारी की स्थिति भी निर्मित हो सकती है, जिसके कारण लोगों की जान भी जा सकती है।

# खदानों से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल से महानदी के साथ नहर का पानी भी हो रहा दूषित

### अवैध खदान में बेधड़क चल रहा खनन का कार्य, प्रशासन के आदेश की धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग अंतर्गत ग्राम निसदा के पास अवैध रूप से संचालित फर्शी खदानों के कारण एक ओर जहां महानदी का अस्तित्व खतरे में है, वहीं दूसरी ओर इस गांव से 35 मीटर चौड़ी नहर का पानी भी लगातार दूषित हो रहा है। इस नहर के किनारों पर खदानों से निकलने वाला न केवल वेस्ट मटेरियल फेंका जा रहा है, बल्कि कूड़ा-कचरा भी डंप किया जा रहा है, जिसके कारण बारिश के दिनों में लगातार वेस्ट मटेरियल एवं कूड़ा-कचरा बहकर नहर के पानी में जाता है। इससे नहर का पानी भी दूषित हो रहा है। इधर नहर के साथ महानदी के लिए खतरा बन रही फर्शी खदानों को प्रशासन के बंद करने के आदेश की भी लगातार धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यहां लगातार एक खदान का ठेकेदार प्रशासन के आदेश का मखौल उड़ाते हुए लगातार खनन करा रहा है। हालात यह हैं कि इस खदान को बंद कराने में खनिज, राजस्व विभाग और पर्यावरण विभाग के अफसरों द्वारा अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है।

■ खनिज विभाग और पर्यावरण विभाग के अफसर ठेकेदार के आगे बेबस

निसदा गांव की फर्शी खदानों के कारण अब तक महानदी को नुकसान पहुंचाने की खबर हरिभूमि ने प्रकाशित की है, लेकिन इन खदानों के कारण अब गांव से गुजरी नहर तथा पानी को भी नुकसान पहुंच रहा है। इन खदानों से जितनी भारी गाड़ियां निकलती हैं, वह नहर के पुल से होकर गुजरती हैं। इसके कारण पुल लगातार कमजोर होने के साथ जर्जर हो चुका है। स्थिति यह है कि यह पुल भारी गाड़ियों के कारण ढह भी सकता है।




## महानदी भी 200 मीटर तक पट चुकी, पानी भी दूषित

इन खदानों का वेस्ट पत्थरों एवं मटेरियल के नदी के तटों पर डंप किए जाने से कई जगह पर नदी की चौड़ाई 200 मीटर तक कम हो गई है। यही नहीं, नदी का पानी भी दूषित हो रहा है। ताज्जुब की बात यह है कि नदी और नहर दोनों को खदानों के कारण भारी नुकसान पहुंच रहा है। इसकी जानकारी होने के बाद भी न ही इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई करने का आदेश जारी हुआ है और न ही खनिज विभाग, राजस्व विभाग, पर्यावरण विभाग तथा जल संसाधन विभाग की ओर से कोई कदम उठाया गया है।

## बेखौफ चल रहा खदान में फर्शी खनन का कार्य

निसदा में वैसे तो फर्शी की कई खदानें हैं। बंद का आदेश जारी होने के बाद ये सभी खदानें बंद भी थीं, लेकिन पिछले करीब दो महीने से यहां एक खदान में लगातार खनन का कार्य किया जा रहा है। इस खदान में 50 से अधिक मजदूरों से रोज सुबह 5 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक खनन कराने के साथ फर्शी काटने का काम कराया जा रहा है।

## हर दिन फर्शी पत्थरों से भरी दो से तीन गाड़ी निकल रही

गांव वालों के अनुसार इस खदान से हर दिन फर्शी पत्थरों से भरी दो से तीन गाड़ियां निकाली जा रही हैं। इस तरह प्रतिदिन 2 से 3 लाख रुपए का फर्शी पत्थरों का परिवहन कराया जा रहा है। इस तरह करीब दो महीने में इस खदान से लाखों रुपए का कारोबार किया जा चुका है। इससे शासन को भी राजस्व के रूप में भारी नुकसान पहुंचा है।

## *नोटिस तक जारी नहीं*

*खनिज विभाग के अफसरों ने इस मामले में खदान के ठेकेदार को नोटिस जारी करने की बात कही थी। विभागीय टीम के मौके पर निरीक्षण किए 5 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक न नोटिस जारी हुआ है और न ही अवैध खनन को बंद कराया गया है। यही नहीं, इस मामले में हाईकोर्ट ने खदानों को बंद कराने के विरोध में लगाई गई एक याचिका पर प्रशासन को जांच कर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इस निर्देश का भी अब तक पालन नहीं हुआ है।*

## *जांच के बाद होगी कार्रवाई*

*विभाग की ओर से कई बार प्रस्ताव बनाकर खनिज विभाग को भेजे गए हैं। पुलिस थाने में भी इसकी शिकायत हुई है। नहर के किनारे अगर डंप किया जा रहा है, तो इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।*

*- **आनंद निकोशे**, कार्यपालन अभियंता, फेस-2 जल संसाधन विभाग*

## खबर संक्षेप

### विशाखापत्तनम पैसेंजर ट्रेन 3 दिन रद्द रहेगी

**रायपुर।** ईस्ट कोस्ट रेलवे के वाल्टेयर मंडल के रायगड़ा - विजयनगरम सेक्शन में अपग्रेडेशन कार्य के कारण कोचिंग ट्रेनों को रद्द करने व गंतव्य से पहले समाप्त व प्रारंभ का निर्णय लिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से 58528 विशाखापत्तनम - रायपुर पैसेंजर दिनांक 05, 12 एवं 19 जनवरी को रद्द रहेगी। 58527 रायपुर-विशाखापत्तनम पैसेंजर दिनांक 05,12 एवं 19 जनवरी,2026 को रद्द रहेगी। गंतव्य से पहले समाप्त / प्रारंभ होने वाली ट्रेन में 20829 दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस दिनांक 05,12 एवं 19 जनवरी, 2026 को दुर्ग से चलकर रायगड़ा में समाप्त होगी। 20830 विशाखापट्टनम- दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस दिनांक 05,12 एवं 19 जनवरी, 2026 को विशाखापट्टनम के स्थान पर रायगड़ा से दुर्ग के लिए रवाना होगी।

## निधन

### इंद्रजीत राजाराम बिसेन



**रायपुर।** शांति विहार कॉलोनी डगनिया निवासी इंद्रजीत राजा राम बिसेन (72) का 1 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में 2 जनवरी को किया गया। वे पवार समाज के भूतपूर्व अध्यक्ष व महाराष्ट्र मंडल के सदस्य थे। वे सतेंद्र व राजकुमार बिसेन के पिता थे।

### मुरलीधर माखीजा



**रायपुर।** मॉडर्न कॉम्प्लेक्स के पास मोतीबाग चौक निवासी मुरलीधर माखीजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 जनवरी को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे शीतल, अनिल, राजेश, संजय माखीजा के भाई व अमित तथा अजय माखीजा के पिता थे।

### नानकचंद अग्रवाल



**रायपुर।** दलदल सिवनी रोड मोवा निवासी नानक चंद अग्रवाल का 2 जनवरी को दिल्ली में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 जनवरी को सुबह 10.30 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे नीरज अग्रवाल के पिता थे।

### सावित्री चौहान



**रायपुर।** पद्मश्री मदन सिंह चौहान की पत्नी सावित्री चौहान का 2 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 जनवरी के दोपहर 1 बजे शंकरनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कुंदन चौहान की माता, नरेंद्र, महेंद्र, गुलाब चौहान की चाची तथा ऋषभ, जयंत की दादी थीं।

### लक्ष्मी बाई गंगेले



**रायपुर।** बूढ़ापारा निवासी लक्ष्मी बाई गंगेले (93) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 जनवरी को दोपहर 2 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. रामकुमार गंगेले की पत्नी व अर्चना, सर्जन की माता थीं।

### एक वर्ष पूर्व कबीर नगर थाना क्षेत्र में पकड़े गए थे तस्कर

# तीन गांजा तस्करों को 20-20 साल कारावास, दो-दो लाख जुर्माना भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कबीर नगर थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व गांजा तस्करी करने के तीन आरोपियों को कोर्ट ने 20-20 वर्ष कैद के साथ दो-दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। तस्करी में शामिल फरार दो आरोपियों को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। तस्करी में एक आरोपी को कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है।

विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने अजहरुद्दीन कुरैशी उर्फ अजहर, अजय गौरे उर्फ बॉबी तथा राजस्थान, भरतपुर निवासी कन्हैया सिंह को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 29 मई 2020 को जरवाय, बीएसयूपी कालोनी स्थित एक तलाब के पास 60 किलो से ज्यादा गांजा जब्ती की थी। आरोपी कार से गांजा तस्करी कर ले जा रहे थे। इस पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बदमाशों की घेराबंदी कर गांजा के साथ कार जब्ती की थी।

तस्करी में शामिल सूरज वर्मा तथा पृथ्वी की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। तस्करों के दबोचे जाने के बाद दोनों आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे।

## पेज 11 के शेष

### सरस्वती नगर फाटक बंद...

करीब पौने दो करोड़ की लागत से 610 मीटर लंबी कंक्रीट सड़क तैयार कर दी है, जिसे जल्द जनता के लिए खोला जाएगा। रेलवे का उद्देश्य एक्सप्रेस ट्रेनों की गति को बनाए रखना है। फाटक बंद होने से सरस्वती नगर स्टेशन पर ट्रेनों की स्पीड कम नहीं करनी पड़ेगी, जिससे परिचालन सुगम होगा। बता दें कि मंडल में अब तक 5 रेलवे फाटकों को बंद किया जा चुका है, जिससे ट्रेनों की गति 20 से 50 किमी प्रति घंटे तक बढ़ी है। हालांकि यात्रियों को कुछ असुविधा हो सकती है, लेकिन सुरक्षा और संचालन के लिहाज से यह कदम रेलवे के लिए फायदेमंद साबित होगा।

### रोज़ 100 बार बंद होता...

बाधा सामने है। बिजली विभाग के 17 खंभे, जो सड़क के मध्य में आ रहे हैं। रेलवे ने इन खंभों को हटाने के लिए बिजली विभाग को 25 लाख रुपये का भुगतान कर दिया है और जल्द ही इन्हें शिफ्ट किया जाएगा।

### गठिया का अब...

पहला हास्पिटल होगा।
डीके हास्पिटल में काफी समय पहले रुमेटोलॉजी विभाग प्रारंभ करने की योजना बनाई गई थी। इस आधार पर वहां रुमेटोलॉजी विशेषज्ञ डा. अश्लेषा शुक्ला की नियुक्ति की गई है। डा. शुक्ला प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले मरीजों की जांच के बाद आवश्यक इलाज करेंगी। गुरुवार को उनकी ज्वाइनिंग के बाद शुक्रवार से ओपीडी की शुरुआत हुई, जिसमें तीन मरीजों ने आकर अपनी जांच कराई। अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि आने वाले दिनों में इस विभाग की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ेगी। राज्य के किसी भी मेडिकल कालेज अथवा सरकारी अस्पताल में गठिया रोग के इलाज का विशेषज्ञ नहीं है। इसके लिए सरकारी स्तर पर दूसरे विभाग अथवा निजी हास्पिटल के डाक्टरों के पास जाकर इलाज कराना पड़ता है। ठंड अथवा मौसम में होने वाले बदलाव के दौरान जोड़ों में दर्द के साथ वात से संबंधित समस्या बढ़ जाती है। खासकर बढ़ती उम्र में इस तरह की समस्या अधिक असर दिखाती है।

### स्वास्थ्य सचिव ने दिखाई...

में जानकारी दी गई थी। सचिव ने जनहित को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए थे। प्रस्ताव मिलते ही इस पर सहमति दी गई और अस्पताल प्रबंधन ने चिकित्सक की नियुक्ति कर ओपीडी के माध्यम से इसकी शुरुआत की।

### नवंबर से पड़ रही...

में पहले सप्ताह से ही प्रारंभ होने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों का तर्क है कि पिछले कुछ सालों से पीक सीजन दूसरे और तीसरे सप्ताह में रहता है। उत्तरप्रदेश और उसके आसपास मौजूद पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले तीन दिन ठंड से थोड़ी राहत रहने की उम्मीद है। इसके बाद तापमान में पुनः कमी आने का दौर शुरू होगा, जो सीजन के रिकार्ड तक पहुंच सकता है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पिछले चार-पांच सालों से जनवरी यानी ठंड का पीक दूसरे से तीसरे सप्ताह में अपना असर दिखाता है। इस बार इसमें बदलाव आने की उम्मीद है, क्योंकि ठंड की मौजूदगी इस बार नवंबर के दूसरे पखवाड़े से है। लगातार पड़ रही ठंड पर दिसंबर में भी पश्चिमी विक्षोभ अवरोध नहीं लगा पाया। उस दौरान विक्षोभ सक्रिय तो हुए, मगर उनकी ऊंचाई इतनी अधिक थी कि प्रदेश के मौसम पर उसका असर ही नहीं हो पाया। दिसंबर में शहरी इलाकों में छोड़ दिया जाए, तो माना सहित अन्य हिस्सों में काफी दिनों तक शीतलहर की जैसी स्थिति बनी रही। विशेषज्ञों का अनुमान है कि जनवरी में तीन दिन के ब्रेक के बाद पुनः तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आएगी। ऐसा भी संभव है कि इसके बाद पारा नीचे जाकर ठंड के मौसम के रिकार्ड तक पहुंच सकता है।

## बिजनेस साइट

### एसबीआई ने छात्राओं को साइकिल वितरित कर निभाई सामाजिक जिम्मेदारी



**रायपुर।** नववर्ष के अवसर पर देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा बैरन बाजार स्थित बैंक परिसर में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत एक सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरकारी विद्यालयों की छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया, जिससे उनकी शिक्षा तक पहुंच और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशेष सहायक तुलसी कौशिक की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों का स्वागत एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। अपने संबोधन में एसबीआई के महाप्रबंधक ने छत्तीसगढ़ के विकास में बैंक की भूमिका, सरकारी योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा सामाजिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए तथा दो परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की बीमा दावा राशि प्रदान की गई।

### नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में छग की बेटी प्रांजु सोमानी का शानदार प्रदर्शन

**रायपुर।** भोपाल (मध्यप्रदेश) में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की होनहार निशानेबाज प्रांजु सोमानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 632.5 अंक अर्जित कर चार पदक अपने नाम किए। प्रांजु के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। प्रांजु सोमानी पिछले 25 वर्षों में शूटिंग नेशनल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को पदक दिलाने वाली पहली खिलाड़ी बनी हैं। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल सीनियर कैटेगरी में कांस्य पदक, सब-यूथ वर्ग में रजत पदक, जबकि 10 मीटर एयर राइफल सिविलियन सीनियर एवं जूनियर वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। इसके साथ ही प्रांजु ने सिविलियन कैटेगरी में 632.5 स्कोर कर नेशनल रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है, जो उनकी मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण है। प्रांजु सोमानी रायपुर स्थित सुभाष स्टेडियम की शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और कोच गोपाल दुबे को दिया है।



### बैंक ऑफ बड़ौदा देवपुरी शाखा के नए परिसर का हुआ उद्घाटन



**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा, देवपुरी शाखा अब अपने नए परिसर निताश आर्केड, अमलीडीह मोड़, मेन रोड, देवपुरी में संचालित होगी। शाखा का विधिवत उद्घाटन 2 जनवरी 2026 को संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक दिवाकर पी. सिंह ने उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने शाखा में उपस्थित ग्राहकों से मुलाकात कर उन्हें बैंक की विभिन्न सेवाओं और उत्पादों के बारे में जानकारी दी। श्री सिंह ने कहा कि नया परिसर सभी आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से लैस है और इसका उद्देश्य ग्राहकों को तेज, सरल एवं सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया। उद्घाटन समारोह में उप महाप्रबंधक किसलय प्रसाद, उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रदीप कुमार यादव, बैंक अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### मित्तल हॉस्पिटल का दो दिवसीय सम्मेलन आज से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज से मित्तल हॉस्पिटल द्वारा दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन 'हिमैटोलॉजी होराइजन्स' का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य रक्त संबंधी बीमारियों जैसे एनीमिया, सिकल सेल, थैलेसीमिया, ब्लीडिंग डिसऑर्डर और ल्यूकेमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ. सुमन मित्तल, डॉ. निहार गुप्ता और डॉ. एंबर गर्ग हैं। मुख्य अतिथि के रूप में देश के प्रख्यात हीमैटोलॉजिस्ट डॉ. एम. बी. अग्रवाल उपस्थित होंगे। सम्मेलन में विशेषज्ञ समय पर जांच, पोषण, जेनेटिक काउंसलिंग और आधुनिक उपचार के माध्यम से इन रोगों के नियंत्रण और रोकथाम पर चर्चा करेंगे। मित्तल हॉस्पिटल, रायपुर और भिलाई में 200 से अधिक बेड और 58 से ज्यादा सुपर स्पेशियलिस्ट डॉक्टरों के साथ रक्त विकार और कैंसर उपचार में एक भरोसेमंद केंद्र के रूप में उभर रहा है। यह पहल न केवल चिकित्सकों के लिए, बल्कि आम जनता के लिए भी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संदेश लेकर आई है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।
समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
आवश्यकता है
DATA ENTRY OPERATOR
(MALE ONLY)
QUALIFICATION :
स्नातक एवं
MS OFFICE का ज्ञान
तथा हिन्दी टायपिंग होना
आवश्यक
APPLY NOW
हरिभूमि प्रसार विभाग
रायपुर (छ.ग.)

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

छेरछेरा पुन्नी को खास बनाने महादेवघाट....

## एजुकेशन अलर्ट

### फूड एनॉलिस्ट पदों पर भर्ती शुरू, ग्रेजुएट से लेकर पीएचडी उत्तीर्ण कर सकते हैं आवेदन

**रायपुर।** सरकारी नौकरी की तलाश में लगे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से फूड एनालिस्ट भर्ती (11th FAE-2025) के लिए आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। एफएसएसएआई की ओर से भर्ती के लिए फॉर्म भरने की लास्ट डेट 22 जनवरी निर्धारित है। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी इसमें भाग लेने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट fssai.gov.in पर जाकर तय तिथियों के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। फूड एनालिस्ट पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार का केमिस्ट्री, डेयरी केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, फूड सेफ्टी, एग्रीकल्चर साइंस जैसे 14 विषय में यूजी, पीजी या पीएचडी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इंस्टीट्यूशन ऑफ केमिस्ट्स (इंडिया) से फूड एनालिस्ट सेक्शन की परीक्षा पास होना भी मान्य है। न्यूनतम तीन साल का फूड एनालिसिस का अनुभव जरूरी है।




#### एप्लीकेशन फीस

*एप्लीकेशन फॉर्म भरने के साथ अभ्यर्थियों को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के लिए 2500 रुपये जमा करना होगा वहीं प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए 5000 रुपये शुल्क का भुगतान करना होगा। ध्यान रखें कि आवेदन के बाद इसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा और नाम में गड़बड़ी होने पर आवेदन रद्द हो सकता है। ऐसे में अभ्यर्थी ध्यान से फॉर्म को पूरा करें। इस परीक्षा में कोई आरक्षण लागू नहीं है।*

#### आवेदन करने की प्रक्रिया

परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी स्वयं ही ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। आपकी सहूलियत के लिए आवेदन का लिंक एवं स्टेप्स यहां दिया जा रहा है। एफएसएसएआई फूड एनालिस्ट एप्लीकेशन फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करें।वेबसाइट के होम पेज पर भर्ती से संबंधित लिंक पर क्लिक करें।पहले रजिस्टर बटन पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल दर्ज करें और पंजीकरण कर लें।इसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा कर लें।अंत में निर्धारित शुल्क जमा करें और फॉर्म को सबमिट कर दें।

#### बाजार में जैविक गुड़ और तिल की बिक्री में इजाफा

# मकर संक्रांति पर आसमान में उड़ते दिखाई देंगे सुपरमैन और ड्रैगन, मैदानों में पेशेवर पतंगबाज दिखाएंगे करतब

**मकर संक्रांति पर इस बार भी रंगबिरंगी पतंगों से आसमान सजेगा, जिसको लेकर शहर में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पर्व के अवसर पर शहर के मैदानों में गुजरात के तर्ज पर काइट फेस्टिवल का आयोजन किया गया है, जिसमें आम आदमी के साथ शहर के पेशेवर पतंगबाज आसमान में करतब दिखाते नजर आएंगे। नवा रायपुर में बड़े स्तर पर काइट फेस्टिवल का आयोजन किया गया है, जिसमें लोगों को ड्रैगन पतंग, शेर, जिराफ समेत मोटू-पतलू, डोरेमोन जैसे कार्टून की बीच पतंगों की लड़ाई देखने को मिलेगी।**




**रायपुर।** उत्सव में प्रोफेशनल पतंगबाज कई डिफरेंट अंदाज में पतंगबाजी कर लोगों को एंटरटेन करेंगे। 14 जनवरी को यह आयोजन किया गया है। इस मौके पर कई फनी गेम्स और कल्चरल प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया है। इसके अलावा साइंस मैदान, डब्ल्यूआरएस और रावणभाठा मैदान में भी पतंगों का रोमांच लोगों को देखने को मिलेगा। शहर की कई सोसायटीज में भी इस बार पतंग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोग उत्साहित है। पर्व के नजदीक आते ही बच्चों ने बाजार से पतंगबाजी के मुकाबले के लिए विभिन्न प्रकार के मांझे व पतंगों में मोदी, योगी, छोटा भीम, टॉप एंड जैरी, नोबिता कार्टून सहित रंगबिरंगी पतंग खरीदी हैं।






#### प्लास्टिक मिक्स कागज की पतंग खरीद रहे

इस बार बाजार में कार्टून पतंगें सभी को लुभा रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि रंगीन ताव कागज की बनी पतंगों के साथ अब पतले प्लास्टिक मिक्स पेपर की पतंगों का उपयोग ज्यादा बढ़ गया है। पतंग के शौकीन लोगों का कहना है कि वे कागज की पतंगें लेते थे, लेकिन अब ये प्लास्टिक मिक्स कागज की पतंग लेते हैं। ये अपेक्षाकृत जल्दी नहीं फटती हैं। इस बार राम मंदिर में और राम भगवान पर आधारित पतंगें छाई हुई हैं, जिसकी बिक्री इन दिनों बढ़ गई है।

#### मैदानों में लोगों के बीच पतंग की जंग

हर साल की तरह इस बार भी साइंस मैदान, डब्ल्यूआरएस और रावणभाठा मैदान पतंगबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी, जिसके लिए बच्चे, युवा व पतंगबाजी के शौकीनों ने अपनी कमर कस ली है। यहां कोई भी पतंग उठा सकता है। प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोग यहां पतंग उठाने पहुंचते हैं। इसके अलावा कोटा, डीडीनगर, कचना की सोसायटी में घरों की छतों पर पतंग उत्सव का लुत्फ उठाएंगे।



#### बाजार में जैविक गुड़ की बढ़ी बिक्री

*पर्व से पहले शहर की किराना दुकानों के साथ ही हाथ ठेलों पर गुड़ और तिल की अच्छी-खासी बिक्री होने लगी है। बाजार में गुड़ 50 से 60 रुपये किलो तक बिक रहा है। वहीं जैविक गुड़ की भी बाजार में बिक्री हो रही है। तिल 120 से लेकर 140 रुपए किलो की दर पर बेचा जा रहा है।*



## शिक्षकों ने नए साल में सार्वजनिक जगहों पर बांटे चॉकलेट, नमकीन और बिस्किट

**रायपुर।** खुशियां बांटने का त्यौहार केवल शब्द नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना को जीने का एक जीवंत प्रयास है। इसी भाव के साथ शिक्षकों की टीम और उनके सहयोगियों द्वारा रेलवे स्टेशन, धमधा ब्रिज, बोरसी महाराजा चौक एवं राजेंद्र पार्क में जरूरतमंद लोगों को चॉकलेट, नमकीन और बिस्कुट वितरित किए गए। यह पहल उन लोगों तक खुशी पहुंचाने का प्रयास थी, जिनके जीवन में उत्सव कम और संघर्ष अधिक होते हैं। इस अवसर पर डॉ. अजय आर्य ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाना कोई कठिन कार्य नहीं है। जीवन की भागदौड़ में यदि हम थोड़ा सा समय निकालकर किसी को खुशी दे दें, तो वही खुशी हमारे भीतर भी स्थायी आनंद का रूप ले लेती है। उन्होंने कहा कि समाज को बदलने के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि बड़े हृदय की आवश्यकता होती है। सदस्य हेमा सक्सेना ने बताया कि जरूरतमंदों को जब नमकीन, बिस्कुट और चॉकलेट दी गई, तो उनके चेहरों पर जो सच्ची खुशी दिखाई दी, उसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी शास्त्रों में परोपकार को सर्वोच्च धर्म बताया गया है और ऐसे कार्य उसी धर्म को व्यवहार में उतारते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खुशियां बांटने से कम नहीं होतीं, बल्कि कई गुना बढ़ जाती हैं। जब सेवा उत्सव बन जाए और करुणा आदत, तब समाज में सकारात्मक परिवर्तन स्वतः होने लगता है। खुशियां बांटने का यह प्रयास मानवता, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया है। यह सेवा कार्य हम लगातार जारी रखेंगे।





## राज्यपाल ने किया कृषि पंचांग का विमोचन, कृषकों के लिए खास

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने शुक्रवार को राजभवन में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कृषि पंचांग-2026 का विमोचन किया। श्री डेका ने कृषि पंचांग का प्रकाशन कराने के लिए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल एवं उनके सहयोगियों को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कृषि पंचांग में विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे अनुसंधान और विस्तार के साथ ही नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी तथा किसानों के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारियों का समावेश किया गया है, जो किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। डॉ. चंदेल ने राज्यपाल श्री डेका को कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अकादमिक, अनुसंधान तथा विस्तार कार्यों, विकास से जुड़ी गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।



#### उत्पादन तकनीक का भी किया गया समायोजन

कुलपति डॉ. चंदेल ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कृषि पंचांग-2026 के बारे में बताया कि विगत 20 वर्षों से कृषि पंचांग का प्रकाशन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न किसानोपयोगी जानकारियों का समावेश किया है। उन्होंने बताया कि कृषि पंचांग में वर्ष के 12 महीनों के कैलेन्डर एवं पंचांग के साथ किसानों के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे अनुसंधान, विभिन्न फसलों की नवीन उन्नत किस्मों, प्रमुख अनाज, दलहन, तिलहन, फल, फूल, सब्जी, मसाला आदि फसलों की कृषि कार्यमाला एवं उत्पादन तकनीक का भी समायोजन किया गया है।

## सिटी इवेंट

### शैक्षणिक एवं सामाजिक दबाव की वजह से बच्चों में बढ़ रहा तनाव, संवाद से होगा नियंत्रित



**रायपुर।** परिवार में गुस्सा और तनाव को कैसे मैनेज करें, विषय पर एनआईटी में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को संस्थान के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। यह संगोष्ठी एनआईटी रायपुर के सभी कर्मचारियों के लिए संचालित मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई। यह पहल भारत सरकार एवं शिक्षा मंत्रालय की उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य, आत्मबल और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है। संगोष्ठी की मुख्य वक्ता डॉ. हिना चावड़ा, साइकोलोजिकल काउंसलर, एनआईटी रायपुर ने क्रोध को समझने और उसे प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आपसी समझ की कमी पारिवारिक तनाव को जन्म देती है, जिसे धैर्य, सामंजस्य और खुली बातचीत के माध्यम से कम किया जा सकता है। उन्होंने मौन एवं भावनात्मक क्रोध, बच्चों पर बढ़ते शैक्षणिक दबाव तथा वर्तमान समय में परामर्श (काउंसिलिंग) की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निष्कर्ष रूप में कहा कि स्वस्थ संवाद से निराशा, चिड़चिड़ापन और क्रोध के मूल कारणों को कम किया जा सकता है। मध्यस्थ दर्शन के लेखक ए. नागराज के अनुसार क्रोध की परिभाषा अपनी अक्षमता का प्रदर्शन ही क्रोध है। डॉ. चावड़ा ने बताया कि शैक्षणिक एवं सामाजिक दबावों के कारण बच्चों में तनाव लगातार बढ़ रहा है। इस संदर्भ में खेल के माध्यम से समझाना, मित्रवत संवाद तथा परामर्श को तनाव कम करने के प्रभावी उपाय बताया।




#### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि डॉ. एनवी रमना राव, निदेशक, एनआईटी रायपुर और डॉ. समीर बाजपेयी, विभागाध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में संस्थान के संकाय सदस्य, कर्मचारी और सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्वस्थ पारिवारिक संबंधों, बेहतर कार्यसंस्कृति और समग्र जीवन गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।*

#### वार्षिक परीक्षा से पहले किस तरह बच्चे तैयारी करें, अभिभावक कॅरियर काउंसलर से ले रहे मार्गदर्शन

## छमाही में जिन विषयों में कम अंक मिले, 10वीं-12वीं के प्री-बोर्ड परीक्षा से पहले ज्यादा समय दें, सुधरेगा रिजल्ट

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बेटे-बेटियों द्वारा छमाही परीक्षा में प्राप्त किए गए अंक को देखते हुए माता-पिता की चिंता बढ़ने लगी है। 10वीं और 12वीं की आगामी दिनों में होने वाली प्री-बोर्ड परीक्षा से पहले महिला एवं पुरुष करियर काउंसलर एवं साइकोलॉजिस्ट की मदद भी लेने लगे हैं। अपने बेटे-बेटियों को साथ लेकर लोग मार्गदर्शन लेने भी पहुंच रहे हैं। साइकोलॉजिस्ट वर्षा वरवंडकर ने बताया कि 10वीं और 12वीं में पढ़ने वाले ज्यादातर विद्यार्थी ऐसे आते हैं, जो बोर्ड परीक्षा से पहले छमाही परीक्षा में कई विषयों में कम अंक अर्जित कर पाए है। उनको सलाह दी जाती है कि जिन विषयों में कम अंक मिले हैं, उन्हें प्री-बोर्ड से पहले पढ़ाई के लिए बनाए गए टाइम टेबल में ज्यादा समय दें।परीक्षा के बाद स्थिति जांचने के बाद आगे किस तरह से तैयारी करनी है, इसके लिए प्लानिंग पर काम करने से मुख्य परीक्षा का रिजल्ट बेहतर किया जा सकता है।



#### प्रतियोगी की जगह बोर्ड परीक्षा को तवज्जो दें

करियर काउंसलर डॉ. अजीत ने बताया कि परामर्श के लिए आने वाले ज्यादातर विद्यार्थी किसी न किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने की जानकारी देते हैं। ऐसे विद्यार्थियों को सलाह देते है कि बोर्ड परीक्षा को प्राथमिकता दें। मुख्य परीक्षा ही खराब हो जाएगी तो प्रतियोगी परीक्षा के रिजल्ट करियर के लिहाज से ज्यादा मायने नहीं रखेंगे। बताते हैं कि बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक पाने के लिए जिन विषयों में भी कम अंक मिले हैं। उसके क्रम को देखते हुए लर्निंग ऑडिट करें और इसमें कमजोर विषयों को स्टडी के दौरान ज्यादा तवज्जो देने से बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट बेहतर होगा।

#### जिन विषयों में कम अंक, उन्हें दे ज्यादा समय

एक्सपर्ट ने बताया कि जिन विषयों में कम अंक मिले हैं, ऐसे विषयों को ज्यादा समय देने की सलाह देते हैं। अभी सिर्फ दो महीने ही परीक्षा के लिए बचे हैं। ऐसे में उन्हें प्री-बोर्ड की तैयारी के लिहाज से भी सब्जेक्ट का लर्निंग ऑडिट करना बताते है। इसके आधार पर उन्हें बचे हुए समय के लिए माइक्रो टाइम टेबल बनाना बताते हैं। इसमें सबसे कमजोर विषय को सबसे ज्यादा समय, उसके बाद दूसरे क्रम में उससे बेहतर अंक वाले विषयों को समय देने की सलाह देते हैं। इसके साथ ही माइक्रो टाइम टेबल का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लेकर विद्यार्थी अपने रिजल्ट को बेहतर कर सकते हैं। जितने विषों की तैयारी है, उसे रिविजन का हिस्सा बनाने के लिए भी कहते हैं, ताकि खुद पर भरोसा बढ़े।

#### पढ़ाई के दौरान हर घंटे लें 10 मिनट का ब्रेक

विद्यार्थी अच्छी तैयारी करना चाहते हैं, तो सबसे पहले मोबाइल से दूरी बनाएं। विषयों के सिलेबस पर फोकस करेंगे तो कम समय में भी अच्छी तैयारी की जा सकती है। लगातार पढ़ाई करने की जगह एक घंटे तक पढ़ाई करने के बाद 10 मिनट का ब्रेक लें। इस बीच बेहतर होगा कि दो मिनट ध्यान करें। इससे मानसिक एकाग्रता मजबूत होगी और शांत मन से विषयों की तैयारी पुख्ता तरीके से की जा सकती है। इसमें पालकों को भी सहयोग करने की सलाह देते हैं। परिवारिक माहौल को भी पढ़ाई के अनुरूप रखने की सलाह पालकों को देते हैं।

## इवेंट लाइव

# ट्राईबोलोजी फॉर मैनकाइंड पर शोधार्थियों ने अपने शोध किए साझा, हुए सम्मानित



**रायपुर।** ट्राइबोलॉजी इंडिया ट्राईबद्ध पर तेरहवें अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यह आयोजन संयुक्त रूप से मैकेनिकल विभाग आईआईटी और ट्राईबोलोजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया था। इस कांफ्रेंस का विषय ट्राईबोलोजी फॉर मैनकाइंड था। ट्राइबोलॉजी के क्षेत्र में ज्ञान के आदान-प्रदान नेटवर्किंग और सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस सम्मेलन में शिक्षा जगत और उद्योग जगत के ट्राइबोलॉजी के अग्रणी विशेषज्ञों द्वारा कई महत्वपूर्ण सत्र, भाषण और व्याख्यान दिए गए। छात्र शोधकर्ताओं ने भी मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने कार्यों का प्रदर्शन किया। जिससे उभरते हुए वद्वानों को अपने शोध को साझा करने का मंच मिला। आईआईटी के निदेशक और सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने अंतर्विषयक अनुसंधान के महत्व पर जोर देते हुए विभिन्न संस्थानों के शोधकर्ताओं के बीच संवाद और सीखने के बहुमूल्य अवसर मिलने के संदर्भ में बताया। ट्राइबोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रोफेसर सतीश वीणा कैलाश ने व्यावहारिक चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने और तकनीकी नेटवर्क को मजबूत करने में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की भूमिका को रेखांकित किया।सम्मेलन में 250 से अधिक शोधकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान मौखिक और पोस्टर दोनों श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार प्रदान किए ।

## धर्म लाइव

# पार्श्वनाथ की प्रतिमा के समक्ष भक्तों ने किया भक्तांबर का मंगल पाठ



**रायपुर।** पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 6 त्रिवेणी जैन तीर्थ में 1008 पारसनाथ भगवान की प्रतिमा के समक्ष भक्ति भाव के साथ मंगलदीप प्रज्वलित करते हुए भक्तांबर का अखंड पाठ किया गया। भक्ति भाव के साथ पूजन आरती की गई। संसार जगत के सभी जीवो के प्रति क्षमा भाव रखते हुए जीवन में सुख समृद्धि और शांति संयम के साथ खुशहाली रहे, ऐसी कामना की गई। इस अवसर पर ज्ञानचंद बाकलीवाल, प्रशांत जैन, प्रदीप जैन बाकलीवाल, सोमेश बाकलीवाल, संरक्षक मुकेश जैन, प्रवीण छाबड़ा, जिनेंद्र जैन सहित अन्य मौजूद थे। साल के पहले दिन गुरुवार को भगवान पार्श्वनाथ, आदिनाथ, अजीत नाथ और अनंतनाथ के कल्याणक दिवस पर अष्टधातु की प्रतिमा पर और चांदी के कलश से मंगल अभिषेक किया गया। शांति धारा का सौभाग्य ज्ञानचंद, ललिता, सोमेश, मनीष बाकलीवाल, निशांत जैन, प्रदीप, साधना, प्रमोद, अरुण, अक्षत, दीक्षा, सुनीता जैन सहित अन्य ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महावीर, प्रकाश नगोटिया, प्रमोद नहर, डॉ जिनएंद्र जैन, अरविंद जैन, महेंद्र जैन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## समाज इवेंट

# प्रकाश पर्व से पहले नगर कीर्तन आज गतका दल मचाएगा धूम

**रायपुर।** सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह साहिब के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 3 जनवरी को दोपहर 2 बजे गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर से भव्य नगर कीर्तन यात्रा निकाली जाएगी। पंज प्यारों की अगवाई में खालसाई शान से नगर कीर्तन (शोभायात्रा) मरीन ड्राइव तेलीबांधा स्थित बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा से निकलेगी। यह केनाल रोड होते हुए पंडरी स्थित गुरुद्वारा गुरु गोविंद सिंह नगर पहुंचेगी। गुरु गोविंद नगर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह लवली, भाई तारू सिंह फाउंडेशन के मुखी त्रिलोचन सिंह काले और परमजीत सिंह दत्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए तैयारियों को शुक्रवार को ही अंतिम रूप दिया गया।

### स्टॉल लगाकर बांटेंगे प्रसाद

नगर कीर्तन यात्रा के दौरान जहां महिला विंग की कीर्तन मंडली आस्था का संचार करेगी, वहीं विशेष रूप से गतका और शौर्य प्रदर्शन दल भी समाज समेत राजधानी के लोगों के बीच भी आकर्षण का केंद्र बनेंगे। कीर्तन जत्थे नगर कीर्तन के प्रमुख आकर्षण होंगे। मार्ग में जगह-जगह गुरुनाम लेवा संगतों द्वारा स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। गुरु गोविंद नगर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने इसके लिए सभी गुरुनाम लेवा प्रेमियों से नगर कीर्तन में शामिल होने के लिए आग्रह किया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए गुरुद्वारा प्रबंधन ने समाज के हर वर्ग को सेवा देने के लिए दायित्व तय किया है, ताकि सभी को गुरु पथ संगत की सेवा का अवसर मिल सके।

## महादेवघाट पर 2 से 4 जनवरी तक आस्था और परंपरा का संगम, छेरछेरा पुन्नी आज

# छेरछेरा पुन्नी को खास बनाने महादेवघाट में सैलानियों का तांता, नौका विहार को फैमिली-फ्रेंड्स संग किया एंजॉय

साल के दूसरे दिन छेरछेरा पुन्नी मेले के अवसर पर शहरवासियों ने महादेवघाट पर नौका विहार का आनंद उठाया। शुक्रवार को सुबह से ही छेरछेरा पुन्नी स्नान करने बड़ी संख्या में स्थानीय सैलानी घाट पर फैमिली-फ्रेंड्स के साथ पहुंचे। घाट पर हाटकेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन-पूजा कर छेरछेरा पुन्नी के दिन को खास बनाया। लोगों के लिए महादेवघाट हर पर्व पर आस्था व मनोरंजन का केंद्र रहता है, जहां भक्तिभाव के साथ ही पारंपरिक मेले का लुत्फ उठाते हैं।





### लक्ष्मण झूले पर सेल्फी और गार्डन में अंताक्षरी

मेले में पहुंचे सैलानियों ने फैमिली-फ्रेंड्स के साथ लक्ष्मण झूले में खूब फोटो क्लिक की। दोस्तों व परिवार वालों के साथ सेल्फी लेते दिखे। वहीं नदी किनारे गार्डन में अंताक्षरी खेल खूब मस्ती-मजा किए। सुबह, दोपहर और देर शाम तक घाट व मेले में सैलानी एंजॉय करते रहे।

**रायपुर।** घाट पर बच्चों व बड़ों और युवाओं के लिए सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र नौका विहार रहा। यहां स्थानीय नौका चालकों द्वारा अपने नौका को रंगबिरंगे फूलों व लाइटिंग से किए सजावट देखते ही बन रहा है, जो सैलानियों को अपने ओर एकाएक आकर्षित कर रहा है। घाट पर नौका विहार लोगों के लिए आनंद से सराबोर करने वाला



अनुभव बन रहा है। सुबह से लेकर शाम तक नौका विहार करने वालों की घाट किनारे लाइन लगी हुई है। खारुन नदी की जलधारा पर नौका चालक नौका विहार से जहां रोजगार पा रहे हैं, वहीं सैलानी अपने परिवार व दोस्तों के साथ इस रोमांचित करने वाले पल को एंजॉय कर रहे हैं।



### मीना बाजार, स्टॉल्स और देशी व्यंजनों का उठाया लुत्फ

यहां मेले में मीना बाजार के झूले, देशी पकवानों सहित फास्ट फूड चाट, मोमोस, पानीपुरी का सैलानियों ने खूब स्वाद लिया।वहीं विविध प्रकार के फैंसी व खिलौनों के स्टॉल्स पर महिलाएं, बच्चों का जमावड़ा लगा रहा। लोग साज सजावट की भी खरीदारी करते नजर आए। इस तरह से मेले को परिवार और दोस्तों के साथ लुफ्त उठाने लोग बड़ी संख्या में पहुंचे रहे। यहां अगले 4 जनवरी तक अच्छी खासी सैलानियों का चहल-पहल मेले में देखने को मिलेगा।

### सुबह से मंदिरों में लगी रही भक्तों की कतार

घाट पर स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से श्रद्धालु छेरछेरा पुन्नी स्नान कर शिवजी की पूजा-अर्चना करने उमड़ते रहे। यहां मंदिर प्रांगण में सुबह से शाम तक भक्तों की कतार देखने को मिली। लोगों ने छेरछेरा पुन्नी मेले में डुबकी के साथ ही शिवजी का अभिषेक कर नए साल में सुख-समृद्धि की कामना की।

# कैमरे की नजर से देखी जनजातीय शिल्पकारों की दुनिया, प्रदर्शनी में फोटोग्रॉफी से किया बयां

**रायपुर।** क्लाउड फोटोग्रॉफी ग्रुप और संस्कृति विभाग द्वारा जनजातीय कला-संस्कृति पर फोटोग्रॉफी प्रदर्शनी लगाई गई है। इस दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को पुरातत्व विभाग परिसर स्थित कला वीथिका आर्ट गैलरी में हुआ। फोटो प्रदर्शनी में फोटोग्रॉफरों ने बस्तर व कोंडागांव के जनजातीय शिल्पकारों की मिट्टी एवं धातु कला की दुनिया की जीवंत तस्वीरें क्लिक कर डिस्प्ले की हैं। क्लाउंड फोटोग्रॉफी ग्रुप के फोटोग्रॉफी आर्टिस्ट दीपेंद्र दीवान ने बताया कि प्रदर्शनी में डिस्प्ले फोटोग्रॉफ के जरिए उन्होंने अपने कैमरे की नजर से बस्तर व कोंडागांव के जनजातीय शिल्पकारों की दुनिया को फोटो प्रेमियों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। फोटो आर्टिस्ट ने आगे बताया, उन्होंने देखा कि वहां की जनजातीय कला प्रतिभा के दृष्टि से बेहद समृद्ध है और मिट्टी व धातुओं से अपने संस्कृति व जीवनशैली को ही कला के माध्यम से जीवंत रूप से गढ़ रहे हैं, जिसे देख देश-दुनिया उनके दीवाने हो गए हैं। उन जनजातीय शिल्पकारों की कला, उनकी अपनी संस्कृति व अस्तित्व का प्रतीक बन गई है। यह छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति, पारंपरिक नृत्यों और विविध लोककलाओं को व्यापक जनसमुदाय तक पहुंचाने के उद्देश्य से क्लाउड एवं संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ के सहयोग से एक विशेष फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।



### कला प्रेमी सुबह 11 से शाम 7 बजे उठा रहे लुत्फ

यह फोटो प्रदर्शनी 2 से 4 जनवरी तक कला वीथिका में लगी यह प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से सायं 7 बजे तक खुली है। प्रदर्शनी में प्रवेश सभी के लिए पूर्णतः निशुल्क है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस सांस्कृतिक आयोजन से जुड़कर जनजातीय कला को फोटोग्रॉफी कला के माध्यम से अवलोकन कर सकें।

### मिट्टी और धातुकला की जीवंत तस्वीरें कर रहीं आकर्षित



फोटो प्रदर्शनी में जनजातीय कला-संस्कृति में ढोकरा आर्ट, टेराकोटा आर्ट, धातु आर्ट के निर्माण से लेकर बाजार तक को बयां किया गया है। साथ ही जनजातीय नृत्यकला, वेशभूषा, रहन-सहन को भी फोटो में प्रदर्शित किया गया है, जो कलाप्रेमियों के साथ-साथ विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, संस्कृति अध्येताओं और आम नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है। इसमें फोटोग्रॉफी आर्टिस्ट दीपेन्द्र दीवान सहित अखिलेश, हर्षा, धनेश्वर और सूर्या दीवान ने अपनी फोटोग्रॉफी प्रदर्शनी में डिस्प्ले किया है।

# संगीत के विद्यार्थियों ने तानपुरा वादन स्वर-शुद्धता, रियाज की जानी कला

**रायपुर।** शुक्रवार को कमला देवी संगीत महाविद्यालय में तानपुरा वाद्य वादन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें संगीत के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में तानपुरा वादन कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। संगीत महाविद्यालय के संगीत शिक्षाविद डॉ. दीपक बेड़ेकर ने बताया कि भारतीय शास्त्रीय संगीत के अत्यंत महत्वपूर्ण सहायक वाद्य तानपुरा पर आधारित एक विशेष शैक्षणिक एवं व्यावहारिक कक्षा का आयोजन महाविद्यालय के सभा कक्ष में किया गया। लगभग दो घंटे तक चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में संगीत के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर तानपुरा वादन का लाभ उठाया। इस विशेष कक्षा में तानपुरा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, बनावट, उपयोगिता, निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, सहयोगी अंग, तानपुरा मिलाने की विधि एवं बजाने की तकनीक पर विस्तार से जानकारी दी गई। यह तानपुरा डिप्लोमा एवं डिग्री पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण विषय है, इसलिए यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। कक्षा की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं, बल्कि तानपुरा स्वयं बजाकर देखने और अभ्यास करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इससे विद्यार्थियों को स्वर-शुद्धता, श्रुति-बोध एवं रियाज़ में तानपुरा की वास्तविक भूमिका का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। इस विशेष संगीत सत्र में संगीत के विद्यार्थियों सहित संगीत शिक्षक उपस्थित रहे।



*कमला देवी संगीत महाविद्यालय में तानपुरा वाद्य वादन प्रशिक्षण सत्र*

### वाद्य वादन के प्रति बढ़ी रुचि

*आयोजन के दौरान विद्यार्थियों ने तानपुरा के साथ सेल्फी एवं स्मृति-चित्र भी लिए, जिससे इस पारंपरिक वाद्य के प्रति उनकी रुचि और जुड़ाव और अधिक बढ़ा। यह आयोजन तानपुरा जैसे आधारभूत सहायक वाद्य के प्रचार-प्रसार और संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है। विद्यार्थियों ने इस दो घंटे की विशेष कक्षा को अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक सत्र उनके संगीत अध्ययन को अधिक प्रभावी और जीवंत बनाते हैं।*

## कार्नर न्यूज


## महाराष्ट्र मंडल के प्रतिभागियों ने बालाघाट के नूतन कला निकेतन में अदाकारी से जमाया रंग

# भावनात्मक संवादों से 'अनिकेत' ने व्यक्त की पीड़ा, कलाकारों ने दर्शकों से लूटी वाहवाही



**रायपुर।** जख्मी और जले हुए चेहरे की वजह से कई तरह की पीड़ा झेलते हुए जीवन के लिए संघर्ष करते अनिकेत के सामने कई तरह की समस्याएं आती हैं। नम आंखों से 'मैं अनिकेत हूं..... मैं अनिकेत हूं.... और मैं अनिकेत ही हूं.., चीखते हुए की गई संवाद अदायगी से अनिकेत का संवेदशील अभिनय देखकर रंगप्रेमी स्तब्ध रह गए। बालाघाट में नूतन कला निकेतन में हिंदी नाटक 'मै अनिकेत हूं' का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से कलाकारों ने किरदारों के साथ न्याय करते हुए कलाकारों ने दर्शकों से भी वाहवाही लूटी। अपनी अदाकारी से रंग जमाते हुए अब 'मैं अनिकेत हूं' का चौथा मंचन 11 जनवरी को भिलाई के सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में किया जाएगा। रंगसाधक शशि वरवंडकर ने 'मैं अनिकेत हूं' में न केवल केंद्रीय भूमिका में निहित पात्र के रूप में अनिकेत को जीवंत किया, बल्कि इससे उन्होंने निर्देशक के रूप में भी प्रभावित किया।





### रंगप्रेमियों के बीच अनूठा रहा अनुभव

वहीं अजय पोतदार और रंजन मोडक द्वारा की गई साज-सज्जा की झलक आकर्षण का केंद्र रही। नूतन कला निकेतन के अध्यक्ष रूपकुमार बनवाले ने बताया कि नाटक 'मैं अनिकेत हूं' का अनुभव बालाघाट के रंगप्रेमियों के बीच अनूठा रहा। रायपुर की नाट्य टीम ने शशि वरवंडकर के नेतृत्व में नाटक की बेजोड़ प्रस्तुति दी। इस तरह चार दिवसीय सांस्कृतिक पर्व का प्रदर्शन जबर्दस्त रहा। दर्शकों ने भी खुले दिल से नाट्य मंचन की सराहना की।

### किरदार को मंच पर प्रभावशाली तरीके से किया जीवंत

अनिकेत की पत्नी मीनाक्षी शर्मा का किरदार मंच पर डॉ. अनुराधा दुबे ने प्रभावशाली तरीके से जीवंत किया। लगभग 90 मिनट के इस नाटक में अनिकेत के साथ बराबरी से टक्कर लेते हुए एडवोकेट भारद्वाज के रूप में चेतन दंडवते भी लोगों के बीच में आकर्षण का केंद्र रहे और अपने अभिनय के दम पर कलाप्रेमियों से वाहवाही लूटी। रंगसाधक प्रकाश खांडेकर, दिलीप लांबे, रंजन मोडक, डॉ. प्रीता लाल, रविंद्र ठेंगड़ी ने अपनी भूमिकाओं को जीवंत किया। समीर टल्लू, भारती पलसोदकर, विनोद राखुंडे, पंकज सराफ, श्याम सुंदर खंगन के साथ डॉ. अभया जोगलेकर ने भी अपने किरदार बेहतरीन तरीके से निभाया। अजय पोतदार व प्रकाश गुरव द्वारा डिजाइन किए गए सेट ने कोर्टरूम का एहसास कराया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-15 में छत्तीसगढ़ की जीत गीत और यति की शानदार पारी





**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से महिला अंडर 15 वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2026 का आयोजन शुक्रवार से शुरू हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच इंदौर में चंडीगढ अंडर-15 टीम के विरुद्ध खेला गया। चंडीगढ अंडर 15 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। चंडीगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 35 ओवरों में 6 विकेट खोकर 173 रन बनाये। चंडीगढ़ की शुरूवात अच्छी रही, उनके प्रांरभिक बल्लेबाज अनवी राणा ने 51 रन तथा आयु ने 26 रन बनाये तथा पहले विकेट के लिये 33 रन की साझेदारी की। उनके अतिरिक्त रीया यादव ने 22 रन बनाये। छत्तीसगढ़ अंडर 15 टीम के सभी गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया तथा चंडीगढ के बल्लेबाजो को रन बनाने से रोके रखा। छत्तीसगढ़ की ओर से अभिलाषा बारा तथा संतोषी बाई ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर 15 की टीम ने 22.2 ओवरों में बिना विकेट खोये 174 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये तेज गति से रन बनाये तथा अपना विकेट बचा कर रखा। यति शर्मा ने 78 गेंदों में 12 चौको तथा 2 छक्कों की मदद से नाबाद 91 रन बनाये, साथ ही गीत डहरिया ने 56 गेंदों में 7 चौकों की मदद से नाबाद 58 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ ने मैच 10 विकेट से जीत लिया।

### हरिशंकर महाविद्यालय की क्रिकेट में जीत



**रायपुर।** शासकीय महाविद्यालय अभनपुर में अंतर महाविद्यालीन किंकेट (पुरूष) प्रतियोगिता 29 दिसंबर से 01 जनवरी तक आयोजित की गई। जिसमें पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. से संबद्ध 18 महाविद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय, कचना की टीम ने लगातार अपनी बढ़त बनाते हुए फाइनल में जगह बना कर विप्र कॉलेज को हराकर 19 ओवर में अपनी जीत दर्ज कर ली। इस टीम के शशांक नेताम ने बेस्ट बॉलर का खिताब लिया एवं कप्तान कृतेश साहू मैन ऑफ द सीरिज का खिताब प्राप्त किया। इसी प्रकार हरिशंकर महाविद्यालय के ही बीपीई के छात्र स्वप्निल यादव ने मंगलूरू में पांचवीं राष्ट्रीय फिन्स तैराकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल हासिल कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। इन सभी छात्रों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के चेयरमैन सुशील शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने सभी खिलाडियों को ₹श्रीफलर₹, शाल एवं नगद राशि दे कर सम्मानित किया एवं सभी प्राध्यापकों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योग स्पर्धा में रविवि की टीम



**रायपुर।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योग महिला स्पर्धा का आयोजन स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान, बैंगलोर में 5 से 9 जनवरी तक आयोजित है। जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की योग महिला टीम भाग लेने के लिए 1 जनवरी को रवाना हुई। जिसमें इंडिविजुअल कैटेगरी में आकृति तिवारी, रिदमिक कैटेगरी में साक्षी वर्मा तथा ग्रुप इवेंट में नीलम, चेतना, टीमेश्वरी, भीणेश्वरी, जानवी गुप्ता, सुनीति प्रधान शामिल है। टीम के कोच के रूप में पुरिदर योग प्रशिक्षक तथा मैनेजर के रूप में सुश्री उपासना विश्वकर्मा है। टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ल, प्रो रीता वेणुगोपाल संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग, प्रो राजीव चौधरी अध्यक्ष शारीरिक शिक्षा अध्ययन शाला और प्रो सीडी आगाशे ने शुभकामनाएं दी हैं।

### हाल के वर्षों में बढ़ी है छोटे बच्चों में पेट की समस्या

# बिगड़ रहा छोटे बच्चों का भी हाजमा, कब्ज की समस्या से जूझ रहे हैं बहुत से मासूम

छोटे बच्चों को भी कब्ज की समस्या परेशान कर सकती है। आप इन टिप्स की मदद से बच्चों को कब्ज से बचा सकते हैं। कब्ज सिर्फ बड़े बुजुर्गों की समस्या नहीं है। यह समस्या बच्चों को भी परेशान कर सकती है। कई बार बच्चों को यह समझ में ही नहीं आता है कि उनके पेट में दर्द क्यों हो रहा है या फिर मल त्यागने के वक्त क्यों परेशानी हो रही है? ज्यादातर यह समस्या ठंड में होती है।इससे कारण बच्चों को काफी असहजता और तकलीफ का सामना करना पड़ता है।अगर आप भी अपने बच्चे को कब्ज की समस्या से बचाना चाहते हैं तो एक्सपर्ट के बताए इन टिप्स को जरूर फॉलो करें।



### बच्चों को कब्ज की समस्या से कैसे बचाएं

अपने बच्चों के खाने की थाली में डाइटरी फाइबर शामिल करें। इससे भी पाचन स्वास्थ्य सही होता है। फाइबर फूड्स में आप बच्चों को फल, बींस, हरी सब्जियां साबुत अनाज जैसी चीजें दे सकते हैं। बच्चों को पेट में दर्द या मल त्यागने में दिक्कत हो रही है तो आप उनके तरल पदार्थ का सेवन बढ़ा दें। ठंड में वैसे भी पानी का इनटेक काम हो जाता है। ऐसे में उन चीजों का सेवन करवाएं जिसमें पानी की मात्रा ज्यादा होती हो, इसके अलावा आप फलों का जूस वगैरह भी दे सकते हैं। जिससे कब्ज होने का रिस्क कम हो जाता है।

ठंड के मौसम में फिजिकल एक्टिविटी काम हो जाती है। इससे भी पाचन क्षमता पर असर पड़ता है और कब्ज की शिकायत हो जाती है। ऐसे में ध्यान रखें कि आपका बच्चा जितना हो सके एक्टिव रहे। इससे भी कब्ज से बचाव किया जा सकता है। हमेशा अपने बच्चों को यह सिखाएं कि वह कभी भी नेचर कॉल को इग्नोर ना करें। दरअसल बच्चे कई बार खेल कूद के चक्कर में नेचर कॉल को इग्नोर कर देते



हैं और इस कारण भी कब्ज की समस्या हो जाती है। कई बार मल त्यागने के दौरान दर्द भी होता है। ऐसे में उन्हें बताएं कि जब उन्हें टॉयलेट जाने की जरूरत महसूस हो तो वह कभी भी इसे इग्नोर ना करें। बच्चों का टॉयलेट रूटीन भी फिक्स करवाएं। इससे भी कब्ज की समस्या में राहत मिलती है।

छोटे बच्चों में कब्ज की बढ़ती समस्या चिंताजनक है, जो अक्सर खराब खान-पान (फाइबर की कमी), पानी कम पीना, और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण होती है, जिससे पेट दर्द, भूख न लगना जैसी दिक्कतें होती हैं; इससे राहत के लिए फाइबर युक्त आहार (फल, सब्जियां, साबुत अनाज), खूब पानी, नियमित व्यायाम, और खाने के बाद टॉयलेट जाने की आदत डालें, और समस्या गंभीर हो तो डॉक्टर की सलाह लें।

कारण की हम चर्चा करें तो आहार में बदलाव को सबसे पहले स्वीकार करना होगा। आज जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड और डेयरी उत्पादों का अधिक सेवन, फाइबर युक्त भोजन (फल, सब्जियां, साबुत अनाज) की कमी, पर्याप्त मात्रा में पानी न पीना शामिल हैं। इसी तरह शारीरिक निष्क्रियता जिसमें खेलने-कूदने या व्यायाम न करना शामिल हैं। शौचालय जाने की इच्छा रोकना भी समस्या है। कई बार खेल या मोबाइल में व्यस्त रहने के कारण बच्चों में मल त्यागने की इच्छा को टालने की प्रवृत्ति देखी जाती है। आम तौर पर बच्चों में कठोर और सूखा मल त्यागना,पेट में भारीपन, गैस, पेट दर्द, भूख न लगना और थकान जैसे लक्षण देखे जाते हैं।

इससे बचाव के लिए आहार में सुधार जरूरी है। बच्चों को सेब, आलूबुखारा, नाशपाती और पपीता जैसे फल खिलाएं। हरी सब्जियां, ओट्स, ब्राउन राइस और चिया सीड्स शामिल करें। मैदा, सफेद ब्रेड और प्रोसेस्ड स्नैक्स से बचें। तरल पदार्थ में खूब पानी पिलाएं, फलों का पतला रस (सेब, आलूबुखारा) दे सकते हैं। शारीरिक गतिविधि में बच्चों को दौड़ने, कूदने और साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करें।



# इस मौसम में तिल से बनाएं अलग-अलग डिश



मकर संक्रांति का त्योहार आने वाला है, इस पर्व में लोग तिल से बनी चीजों से मुंह मीठा करते हैं। यदि आप भी तिल के लड्डू और चिक्की से बोर हो गए हैं, तो इस साल तिल के इन अनोखी चीजों से करें मुंह मीठा।

### तिल रेवड़ी

घर पर रेवड़ी बनाने के लिए तिल को साफ करें और धूप में सुखा लें। गुड़ को पैन में पिघलाकर चाशनी बनालें। एक तरफ साफ तिल को भूनकर ठंडा कर लें। चाशनी में घी, इलायची पाउडर और बेकिंग सोडा डालकर मिक्स करें। साथ ही इसमें तिल डालकर अच्छे से मिक्स करें। रेवड़ी का मिश्रण तैयार है, झटपट रेवड़ी बनाएं और ठंडा कर खाने के लिए सर्व करें। तिल की रेवड़ी को आप गुड़ के अलावा चीनी से भी बना सकती हैं।

### तिल बर्फी

तिल बर्फी बनाने के लिए तिल को पहले रोस्ट करें और मिक्सी में दरदरा पीस लें। एक पैन में चीनी और एक कप पानी डालकर एक तार वाली चाशनी बना लें। चाशनी बन जाए तो उसमें मावा मिलाकर अच्छे से फेंटते हुए मिक्स करें और आखिर में तिल मिला लें। तिल मिलाने के बाद बढ़िया खुशबू के लिए इलायची पाउडर डालकर बर्फी को एक ट्रे में घी लगाकर फैला लें। ठंडा होने के बाद तिल की बर्फी को मनचाहे आकार में काटकर खाने के लिए सर्व करें।

### तिल पोली

तिल की पोली बनाना बहुत आसान है इसके लिए पहले तिल को भूनकर पीस लें। अब तिल पाउडर में गुड़ मिलाकर अच्छे से मिला लें। पोली बनाने के लिए मैदा और नमक डालकर गूंथ लें। मैदा के आटेसे लोई लें और छोटी-छोटी पूड़ी बेलकर उसमें गुड़ और तिल के मिश्रण को भरकर बेल लें। पोली बेलने के बाद घी या फिर तेल में अच्छे से सेंक लें। आपका तिल पोली तैयार है खाने के लिए सर्व करें।

### तिल को भूनना और सही तरीके से पीसना

सबसे पहले आप डेढ़ कप सफेद तिल लें और उन्हें एक कड़ाही में धीमी आंच पर डालें। इन्हें तब तक सेंकें जब तक कि ये अच्छी तरह से फूल न जाएं और हल्का गुलाबी रंग न आ जाए। धीमी आंच पर भूनने से तिल अंदर तक पक जाते हैं और उनका कच्चापन खत्म हो जाता है। अब भुने हुए तिल को तुरंत कड़ाही से निकालकर पूरी तरह से ठंडा होने दें। इसके बाद ही मिक्सर जार में पीसें। तिल को ठंडा करके ही पीसना चाहिए। गरम तिल पीसेंगे, तो वे तेल छोड़ देंगे, जिससे मिठाई का स्वाद खराब हो जाएगा और मिश्रण चिपचिपा बन जाएगा। तिल की मिठाई में मिठास और बाइंडिंग का काम गुड़ की चाशनी करती है। तो एक पैन लें और उसमें आधा कप पानी डालें। इसके बाद उतना ही गुड़ डालें जितना आपने तिल लिया था यानी कि डेढ़ कप गुड़। गुड़ और पानी को तब तक गर्म करें जब तक कि गुड़ पूरी तरह से मेल्ट होकर एक गाढ़ी चाशनी न बन जाए। गुड़ की चाशनी तैयार होने के बाद, इसमें तुरंत पिसे हुए तिल का पाउडर मिक्स कर लें। इसके बाद, मिश्रण को गाढ़ापन और बेहतरीन स्वाद देने के लिए डेढ़ कप नारियल का बुरादा भी डालकर अच्छी तरह मिला लें।

### राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग आज से



**रायपुर।** रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन एवं टी गोल्ड जिम के तत्वाधान में स्टेट बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग के साथ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग की प्रतियोगिता बूढ़ेश्वर मंदिर भवन पुरानी बस्ती में 3 एवं 4 जनवरी को रखी गई है। छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग के महासचिव मानिक ताम्रकार एवं छत्तीसगढ़ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष शीतलेश पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता का उदघाटन दक्षिण विधायक रायपुर के सुनील सोनी और पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक-5 के अध्यक्ष अंबर अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता में 2 लाख नगद ईनाम दिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गेश साहू ने बताया कि बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता विभिन्न वजन वर्गों के आधार पर किया जाएगा। जिसमें मि रायपुर, मि मेन्स फिजिक रायपुर के साथ मि छग एवं मि छत्तीसगढ़ मेन्स फिजिक की प्रतियोगिता होगी। 3 जनवरी को पावर लिफ्टिंग और मि रायपुर बॉडी बिल्डिंग होगा 4 जनवरी को स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और मि छग बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता होगी।



### वजन कम करने फायेदमंद है योगासन, दिखेगा असर

अगर आपका वजन भी बढ़ रहा है, तो ऐसे में जरूरी हो जाता है कि आप कुछ योगासन की मदद लें। दरअसल, इन योगासन को करके आप अपने बढ़ते वजन को कंट्रोल कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

#### धनुरासन

आपका वजन बढ़ रहा है, तो आप धनुरासन का अभ्यास कर सकते हैं। बैली फैट को कम करने में ये काफी असरदार माना जाता है। इसके अलावा हाथ और पैरों की चर्बी कम करने के लिए भी आप इस योगासन को कर सकते हैं।

#### अधोमुख श्वासन



इस अधोमुख श्वासन को करके बैलेंस बनने के साथ शरीर में मजबूती आती है। पेट की चर्बी को कम करने के लिए इस योगासन को सबसे ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। वहीं, सबसे खात बात ये कि लोअर बॉडी फैट को कम करने के लिए ये योगासन बेहतर विकल्प हो सकता है।

#### चतुरंग दंडासन

अगर आपके पेट की चर्बी बढ़ गई है, तो फिर आप आज से ही चतुरंग दंडासन का अभ्यास करना शुरू कर सकते हैं। आप अगर इस योगासन को नियमित रूप से करते हैं, तो शरीर के निचेल भाग के बढ़े वजन को नियंत्रित किया जा सकता है।

#### वीरभद्रासन

अगर आप अपना वजन कम करके खुद को स्लिम फिट करना चाहते हैं, तो फिर आप वीरभद्रासन का अभ्यास कर सकते हैं। पूरे शरीर की स्ट्रेचिंग करने के लिए भी ये योगासन काफी सही और उपयोगी माना जाता है। इसलिए अगर आपका वजन बढ़ रहा है, तो आप इसे कर सकते हैं।


#### सूर्य नमस्कार

योग कक्षाओं में अक्सर शरीर को उष्णता एवं ऊर्जा प्रदान करने वाली मुद्राओं की एक श्रृंखला के रूप में सूर्य नमस्कार का उपयोग किया जाता है। यह पूरे शरीर पर काम करता है, जिससे यह वजन घटाने के लिए योग व्यायाम का आदर्श स्थिति बन जाता है। यह गर्दन, कंधे, रीढ़, बांह, हाथ, कलाई, पैर और पीठ की मांसपेशियों को सशक्त बनाता है। मुख्य बात यह है कि इसे किस तरीके से किया जाता है। नाभि को अंदर रखते हुए इसे करने से सर्वोत्तम परिणाम मिलते हैं।

#### कोणासन

कोणासन कमर के आसपास की चर्बी के निस्तारण में मदद करता है, जो अंततः पेट की चर्बी कम करने के लिए किसी भी अन्य योग क्रिया जितना ही प्रभावी होता है। इसके अलावा, कोणासन को दैनिक योग के दिनचर्या में शामिल करने से लचीलापन आता है तथा संतुलन में सुधार होता है एवं यह पाचन तंत्र मजबूत करने में सहायक होता है, अप्रत्यक्ष रूप से यह वजन घटाने के प्रयासों में सहायक होता है।















**हरिभूमि सरोकार की नई इबारत:** अखबार की 'जन्मदिन उत्सव योजना' से हजारों परिवारों को मिला सीधा लाभ

# हरिभूमि ने मनाया 24वां स्थापना दिवस, पाठकों को मिला पुरस्कार



विजेता प्रीतम कुमार साहू मोहदी धरसींवां रायपुर को रेफ्रीजेटर दिया गया।




चित्रलेखा महंत बालको नगर कोरबा को एलईडी देकर पुरस्कृत किया।

**हरिभूमि न्यूज : रायपुर**

पत्रकारिता जब केवल सूचना देने तक सीमित न रहकर सामाजिक सरोकार का माध्यम बन जाती है, तो वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन की धुरी बन जाती है। हरिभूमि ने हाल ही में शुरू की गई 'जन्मदिन उत्सव योजना' ने इसी बात को चरितार्थ किया है। इस स्कीम के माध्यम से न केवल पाठकों को ज्ञान और सूचना मिली, बल्कि इसके तहत आयोजित सामाजिक व पर्यावरणीय कार्यक्रमों ने हजारों लोगों के जीवन में सीधा बदलाव लाया है। स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। हरिभूमि कार्यालय रायपुर, बिलासपुर व जिला मुख्यालय में भव्य आयोजन एक जनवरी को हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासन जगत की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन पाठकों को सम्मानित करना था। ज्ञान के साथ सम्मान की इस विशेष स्कीम के अंतर्गत पिछले एक साल से विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही थीं। इसके अलावा सामाजिक सरोकर, पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य कई कार्यक्रम चलाए गए।
















## महाबम्पर ड्रॉ निकाला गया

हरिभूमि समाचार पत्र ने पाठकों के लिए जन्मदिन उपहार योजना के साथ महाबम्पर ड्रॉ भी शामिल रहा। जिसमें प्रथम पुरस्कार सोने का हार 5 नग ( 1 तोला ), द्वितीय पुरस्कार स्कूटी (ईवी), तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर, चतुर्थ पुरस्कार 3 नग एलईडी टीवी के साथ 1100 रुपए सांत्वना पुरस्कार था। विजेताओं की सूची का पूर्व में प्रकाशन किया जा चुका है। इसी तारतम्य में हरिभूमि के स्थापना दिवस के अवसर पर भाग्यशाली पाठकों को पुरस्कार का वितरण किया गया। योजना के तहत तृतीय पुरस्कार रेफ्रीजरेटर प्रीतम कुमार साहू, पिता स्व. कुंभकरण साहू पता मोहदी धरसींवा रायपुर को दिया गया। चतुर्थ पुरस्कार चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा को दिया गया। इसके अलावा जिलास्तर पर सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसकी सूची इस प्रकार है...



### रायपुर

भरतलाल चतुर्वेदी वार्ड 16 छपोरा रायपुर, लक्ष्मीकांत यादव गभरापारा वार्ड – 62 मठपारा, संतोषी यादव सोहागा मंदिर ब्राह्मणपारा, जानवी गोयल डुमरतालाब रायपुर, संतोष कुमार सोनी गभरापारा मठपारा रायपुर, रितीका साहू कटोरा तालाब रायपुर, श्रीकांत तिवारी मकान नंबर – 248 समता कालोनी, लेखराम धुरंधर बसारंग आरंग, चंद्रकला रांवाभाठा बिरगांव, तारकेश्वर प्रजापति श्रीराम विहार आरंग रायपुर।

### दुर्ग-भिलाई

बलदाऊ लाल साहू रामनगर सुपेला, भारती राव खुर्शीपार भिलाई, हर्षित टंडन खुर्शीपार भिलाई, युवराज साहू कोषानगर भिलाई, सुनील कुमार तिवारी जवाहर नगर भिलाई, गरिमा सिन्हा भिलाई, भारती राव भिलाई, कमल देवगण भिलाई दुर्ग।

### बिलासपुर

नारद विश्वकर्मा नूतन चौक सरकंडा, आनंदित सूर्यवंशी राजीव गांधी चौक, मंजू बंजारे तालापारा, श्रेयांश सूर्यवंशी राजीव गांधी चौक, आर्यन गुप्ता कपिल नगर सरकंडा, अशोक सूर्यवंशी जरहाभाटा, अशोक कुमार कौशिक ओमनगर।

### राजनांदगांव

हिमांशु साहू बसंतपुर राजनांदगांव, रोहित तिवारी चिखली राजनांदगांव, झाविस साहू कोरिनभाठा राजनांदगांव।

### कवर्धा

संदीप पांडेय करपात्री चौक कवर्धा, दिलशान असगर खान गुप्तापारा, बेला शर्मा कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा।

### बलौदाबाजार

जालेन्द्र कुमार साहू ग्राम सुहेला, महेन्द्र कुमार साहू ग्राम सुहेला, डिगेश्वर वर्मा पिता तिरिश राम वर्मा, बलौदा बाजार।

### महासमुंद

संदीप सेन शंकर नगर वार्ड नं. 9, चिंताराम खुंटे बीजेपी ऑफिस के पीछे, राजेंद्र सिदार अयोध्या नगर, चंद्रप्रभा कन्नौजे, भामा यादव, कलेक्ट्रेट कॉलोनी महासमुंद ।

### कांकेर

झामिन देवांगन सरंगपाल कांकेर,रुपराम वनपेला अन्नपूर्णा पारा कांकेर, नरेश साहू संजय नगर कांकेर।

### जगदलपुर

वी. जोगाराम नायडू सहारा टेंट हाऊस जगदलपुर, सोमेश पांडेय जगदलपुर, साक्षी घोष न्यू हाऊसिंग बोर्ड कालोनी जगदलपुर।

# नियम की शिथिलता से मिली राहत, 1800 सीटें भरीं, 2347 के लिए सामने नहीं आए दावेदार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

खास खबर

राज्य शासन द्वारा नियम शिथिल किए जाने के बाद निजी नर्सिंग कालेजों को 1800 सीटों पर एडमिशन की राहत मिली है। 31 दिसंबर तक बीएसएसी नर्सिंग की प्रवेश काउंसिलिंग पूरी होने के बाद करीब 2347 सीट खाली रह गई है। पिछली बार प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक को 5 प्रतिशत किया गया था। निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन को प्रवेश की अंतिम तारीख बढ़वाने और न्यूनतम अंक के नियम को शिथिल कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी है। आईएनसी द्वारा प्रवेश की अंतिम तारीख 31 दिसंबर तय करने के बाद न्यूनतम अंक के नियम को शिथिल करने अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया। इस आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 40 और 50 प्रतिशत न्यूनतम अंक के प्रावधान को शिथिल करते हुए 10 परसेंटाइल किया गया था। इस आधार पर पुनः आवेदन के बाद प्रवेश का काम पूरा किया गया और निजी नर्सिंग कालेजों की करीब 1800 सीटों पर एडमिशन हो गया। इतने स्टूडेंट मिलने के बाद निजी नर्सिंग कालेज प्रबंधनों ने राहत की सांस ली। प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद कालेजों में इस बार लगभग 2347 सीटें खाली रह गई हैं। निजी कालेज एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों का तर्क है कि अगर नियम को प्रवेश परीक्षा में शामिल किए जाने के आधार पर तय किया जाता, तो पूरी सीटों में प्रवेश हो जाता। राज्य में करीब सवा सौ नर्सिंग कालेज हैं, इनमें बीएससी की 7811 सीट हैं, जिसमें पुराने नियम के आधार 3664 लोगों का एडमिशन हुआ और नियम में शिथिलता के बाद प्रवेश लेने वालों की संख्या 5464 तक पहुंच गई।

**मामला बीएससी नर्सिंग के प्रवेश का, 31 दिसंबर की काउंसिलिंग पूरी**

### नौ नए कालेज खुलेंगे

राज्य में नौ और शासकीय नर्सिंग कालेज खुलेंगे। इसके लिए शासन द्वारा भवन निर्माण के लिए राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। वर्तमान में राज्य में आठ नर्सिंग कालेज संचालित हैं। इनकी संख्या बढ़ने के बाद बीएससी सहित अन्य विषयों की सीटों में बढ़ोतरी होगी। अभी प्रत्येक कालेज में बीएससी नर्सिंग की 100 सीट यानी कुल 800 सौ सीटें हैं। नौ नए कालेज प्रारंभ होने से इनकी संख्या करीब 17 सौ हो जाएगी जो विद्यार्थियों के लिए सुविधाजनक साबित होगी।



सर्वर समस्या ने बढ़ाई शराबियों की परेशानी

# स्कैन नहीं होने से दुकानों से खाली हाथ लौट रहे

**हरिभूमि न्यूजः रायपुर**

शराब दुकानों में सर्वर की समस्या शराबियों की परेशानी का सबब बनी हुई है। जिले में संचालित शराब दुकानों में इस्तेमाल की जानी वाली स्कैनर मशीन का सर्वर पिछले तीन दिन से डाउन चल रहा है, जिसके कारण दुकानों में स्कैन नहीं होने के कारण शराब की बिक्री भी प्रभावित हो रही है। शुक्रवार को शाम 5 बजे से लेकर रात 10 बजे तक सभी दुकानों का सर्वर ठप रहा। इस बीच दुकानों में शराब की बिक्री भी ठप रही। इधर सर्वर की समस्या के कारण शराब नहीं मिलने पर शराबियों की कई दुकानों के कर्मचारियों से बहसबाजी भी हुई। हालांकि इस दौरान किसी भी दुकान में मारपीट या अन्य किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की नौबत नहीं बनी।




### बार-होटल में बढ़ी भीड़

शराब दुकानों में शराब-बीयर नहीं मिलने के कारण शहर के लाइसेंसधारी होटल, बार, रेस्टोरेंट में पियक्कड़ों की भी भीड़ ज्यादा रही। वीआईपी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुरा सहित कई इलाकों में संचालित बार-होटल एवं रेस्टोरेंट में पियक्कड़ों की देर शाम से लेकर देर रात तक भीड़ लगी रही।

### स्कैन हुई शराब ही बिक पाई

सर्वर की समस्या के दौरान दुकानों में पहुंचा नया स्टॉक ज्यों का त्यों पड़ा रहा। स्कैन नहीं होने के कारण ये शराब बिक नहीं पाई, लेकिन पुराना स्टॉक जो स्कैन करके रखा था, उसकी बिक्री होती रही। हालांकि पुराना स्टॉक में महंगी शराब का स्टॉक ही रहा, जिसकी बिक्री भी न्यूनतम रेट वाली अन्य शराब की तुलना में कम होती है।

### लाखों के राजस्व का नुकसान

आबकारी विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब दुकानों में शराब बेचने के लिए स्कैनर मशीन रखी गई है। इन मशीनों के जरिए ही प्राइज रेट स्कैन करके कर्मचारी शराब बेचते हैं। अफसरों ने शराब की बिक्री में पारदर्शिता लाने तथा ओवर रेट में बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए शराब दुकानों में ऑनलाइन स्कैनर से शराब की बिक्री करने सख्त निर्देश दिए हैं। यह आदेश अब शराबियों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है, क्योंकि पिछले तीन दिन से स्कैनर मशीन में सर्वर की समस्या बनी हुई है। दो दिनों तक दिनभर में कई बार सर्वर चला जाता है, जिसके कारण स्कैन नहीं होने के कारण बिक्री नहीं हो पा रही थी। यह स्थिति शुक्रवार को शाम 5 बजे से बनी रही, जो दुकानों के बंद होने तक रही। इसके कारण 5 घंटों तक दुकानों में शराब की बिक्री प्रभावित रही।

# हत्या के दो प्रकरण में दो आरोपियों को उम्रकैद

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में चिकन सेंटर में पैसा देने, एक अन्य में मामा ने भांजी का किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

तेलीबांधा तथा गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व हत्या के दो अलग-अलग प्रकरण में कोर्ट ने दो आरोपियों को आजीवन कारावास के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों हत्या के प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की एट्रोसिटीज कोर्ट में हुई। जिन आरोपियों को सजा सुनाई गई है, उनकी उम्र 25 से 28 वर्ष के बीच है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक पूजा मोहिते के अनुसार तेलीबांधा




थाना क्षेत्र के श्याम नगर के चिकन सेंटर में काम करने वाले नरेश धीवर की हत्या के आरोप में कोर्ट ने मूलतः उत्तरप्रदेश, मऊ निवासी मोहन चौहान को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। चिकन सेंटर संचालक तथा वहां काम करने वाले कर्मियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 20 अप्रैल 2025 को मोहन चिकन सेंटर में चिकन लेने आया था। चिकन लेने के बाद वह बगैर पैसा दिए जा रहा था। इस दौरान एक कर्मी ने मोहन से चिकन का पैसा मांगा। इस बात को लेकर मोहन चिकन सेंटर कर्मी से विवाद करने लगा। तब मृतक ने सीसीटीवी कैमरा देख मामला स्पष्ट करने की बात कही। इस बात से नाराज होकर मोहन ने चार्ज हो रहा एक मोबाइल को निकाल कर ले जाते हुए नरेश को मारने की धमकी दी। विरोध करने पर मोहन ने नरेश के साथ मारपीट करते हुए उसका सिर सीढ़ी पर पटक दिया। गंभीर रूप से घायल नरेश की दूसरे दिन मौत हो गई।

### बहन की दूसरी शादी से नाराज युवक ने भांजी की हत्या की

गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व 10 मार्च 2025 को ढाई वर्ष की मासूम सुरुचि की हत्या के आरोप में कोर्ट ने साहेब कुमार को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। मृतका की मां सोनी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका भाई उसे मायाका ले जाने घर आया था। सभी के खाना खाने के बाद सोनी बर्तन धोने गई। कुछ देर बाद साहेब ने अपनी दीदी को बच्चों के रोने की बात कहकर आवाज देकर बुलाया। वापस आने पर महिला ने देखा कि उसकी बेटी तथा एक साल का बेटा लहूलुहान तड़प रहे हैं। इस पर साहेब ने अपनी बहन को दूसरी शादी करने पर उन लोगों को जान से मार देने की धमकी देते हुए उस पर भी धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर दिया। सोनी ने कोर्ट को बताया है कि उसका पहला पति नशे की हालत में उसके साथ मारपीट करता था। इस कारण उसने अपने परिचित जो पेशे से ड्राइवर है, उसके साथ शादी कर ली थी।

### स्टेट बॉडी बिल्डिंग, पॉवर लिफ्टिंग स्पर्धा आज-कल

**रायपुर।** जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन एवं टी गोल्ड जिम के तत्वावधान में 3 एवं 4 जनवरी को स्टेट बॉडी बिल्डिंग और पॉवर लिफ्टिंग के साथ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग की प्रतियोगिता बूढ़ेश्वर मंदिर भवन पुरानी बस्ती में रखा गया है। छग बॉडी बिल्डिंग के महासचिव मानिक ताम्रकार एवं छग स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष शीतलेश पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन दक्षिण विधायक रायपुर के सुनील सोनी और पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे।

# इस बार छोड़ी सीट तो भरना होगा जुर्माना, दूसरे राउंड में 326 सीटों के लिए अंतिम आवेदन आज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

- 00 एमडी-एमएस प्रवेश, जेएनएम में 48, सिम्स में 27 सीट बाकी

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा काउंसिलिंग के दौरान आवंटन सीट पर एडमिशन नहीं लेने वाले अभ्यर्थी को जुर्माना के रूप में अपनी पंजीयन राशि देनी होगा। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि शनिवार 3 जनवरी निर्धारित है। इस बार काउंसिलिंग में 326 सीटों को शामिल किया गया है। इसमें रायपुर जेएनएम मेडिकल कालेज की 48 और बिलासपुर सिम्स की 27 सीट शामिल है। हाईकोर्ट से मिले निर्देश के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने पहले राउंड की प्रवेश प्रक्रिया में 125 सीटों को एडमिशन देने में सफलता पाई थी। इसके बाद में दूसरे दौर के प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया एक से तीन जनवरी तक पूरी की जा रही है। नियम के अनुसार पहले राउंड में पसंदीदा कालेज अथवा विषय नहीं मिलने पर अभ्यर्थियों को अपग्रेडेशन का मौका दिया गया था। दूसरे राउंड में यह सुविधा समाप्त कर दी गई है। यानी इस दौर में काउंसिलिंग कमेटी द्वारा जिन सीटों का आवंटन किया जाता है उसमें प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने वाले विद्यार्थी की पंजीयन राशि जब्त कर ली जाएगी। आवेदन और संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दस्तावेजों की जांच और प्रवेश का काम पूरा किया जाएगा। दूसरे दौर की काउंसिलिंग के लिए 326 सीट बाकी है।